दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# संजय राउत को राहत, कोर्ट ने दी जमानत

## 30 दिन के लिए सजा पर रोक

**अमित बृज । मुंबई**

भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए गए उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत को कोर्ट ने 15 दिन की जेल की सजा सुनाई है। हालांकि अब राउत को बड़ी राहत मिली है। संजय राउत को मजिस्ट्रेट अदालत ने आंशिक रूप से बरी कर दिया है और सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए सजा को 30 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। कोर्ट ने 15 हजार के मुचलके पर ये जमानत दी है।

### संजय राउत को 15 दिन की जेल

शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत और उद्धव बालासाहेब ठाकरे को शिवडी सिटी मजिस्ट्रेट ने 15 दिन की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट ने आईपीसी की धारा 500 के तहत राउत को दोषी ठहराया। कोर्ट की ओर से सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट के बाहर हिरासत में लिए जाने पर शांत बैठे राउत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब मैं जेल जाऊंगा।

### 30 दिन की सजा पर रोक

इस बीच राउत के वकील और उनके भाई सुनील राउत ने कहा कि हमने जमानत के लिए अर्जी दायर की है। हम इस सजा के खिलाफ बॉम्बे सेशन कोर्ट में अपील करेंगे। तब तक राउत के वकीलों की ओर से दायर एक आवेदन पर अदालत ने सजा पर 30 दिनों के लिए रोक लगा दी। साथ ही 15,000 मुचलका पर जमानत भी दे दी।



### सजा क्यों दी गई?

मझगांव मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट का यह आदेश मेधा सोमैया की ओर से संजय राउत के खिलाफ दायर दो साल पुराने मानहानि के मुकदमे में आया है। राउत ने मेधा सोमैया पर और उनके एनजीओ युवा प्रतिष्ठान पर 100 करोड़ रुपए के शौचालय घोटाले का आरोप लगाया था। संजय राउत ने कहा कि उन्होंने शौचालय निर्माण के मुद्दे पर संदेह जताते हुए कुछ आधिकारिक रिकॉर्ड्स के आधार पर केवल कुछ सवाल उठाए थे, जिसका सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के नेताओं ने भी समर्थन किया था।

### आदेश को जल्द ही हाईकोर्ट में चुनौती देंगे

उन्होंने आगे कहा कि इसलिए मैंने कोई मानहानि कहां की है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने कहा कि वह मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट के सजा के आदेश को जल्द ही हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। मेधा सोमैया ने कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि न्यायपालिका में उनका विश्वास कायम हुआ है।

### मैं अदालत के फैसले से संतुष्ट : सोमैया

मेधा सोमैया ने मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं एक साधारण गृहिणी हूं, समाज सेवा और शैक्षणिक गतिविधियों में लगी हुई हूं, लेकिन जो कोई भी मेरे परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, मैं उससे लड़ूंगी। मैं अदालत के फैसले से संतुष्ट हूं। यह अन्य लोगों को इस तरह के बेतुके आरोप लगाने से रोकेगा।

## बारिश के दौरान खुले मैनहोल में गिरने से महिला की मौत

# हादसा या सिस्टम का फेलियर?



**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बुधवार को भारी बारिश के बीच अंधेरी ईस्ट में एक खुले मैनहोल में गिरने से 45 साल की महिला की मौत हो गई। विमल गायकवाड़ नाम की महिला काम से घर लौट रही थी इसी दौरान सड़क पार करते समय डिवाइडर के बीच में बने खुले नाले में गिर गई। नाला गहरा होने के वजह से महिला 70 मीटर आगे तक बह गई। एक से डेढ़ घंटे का सर्च ऑपरेशन के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने महिला को बाहर निकाला। उसे कूपर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### मुंबई नगर निकाय और ठेकेदार पर मामला दर्ज

मृतका के पति ने मुंबई नगर निकाय और ठेकेदार पर मामला दर्ज कराया है। विमला गायकवाड़ पवई में रहती थीं। वो पेशे से सिक्योरिटी गार्ड थीं। बुधवार को विमला बारिश के बीच काम से लौट रही थीं। अंधेरी ईस्ट में लबालब पानी से भरे सीप्ज़ इलाके में खुला मैनहोल उनकी मौत का कारण बना। विमला अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाली थीं। उनके पति अपाशा गायकवाड़ कहते हैं, 'मैं बीमार रहता हूं। मेरा घर मेरी पत्नी संभालती थी। हमारा सब कुछ चला गया। मैं चाहता हूं कि जिस की गलती है, उसको सज़ा मिलनी चाहिए। हमने शिकायत दर्ज करवायी है।'

### क्या कहती है पुलिस?

मुंबई पुलिस के DCP मंगेश शिंदे कहते हैं, 'बुधवार रात सीप्ज़ गेट के सामने एक डिवाइडर के बीच में बने मैनहोल में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में हमने ADR दायर की है। आगे की जांच की जा रही है।'

### BMC ने दिया लेवल इन्क्वॉयरी का आदेश

महिला की मौत के बाद BMC ने हाई लेवल इनक्वायरी का आदेश दिया। BMC ने लिखित बयान में बताया कि उप नगर आयुक्त (जोन 3) देवीदास क्षीरसागर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति तीन दिनों के भीतर घटना पर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### राजनीति भी शुरू

मैनहोल में डूबकर हुई इस मौत पर सियासी हंगामा भी छिड़ा। शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे ने शिंदे सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। आदित्य ठाकरे ने कहा कि नगर विकास विभाग असंवैधानिक मुख्यमंत्री के पास है, जिन्हें ना तो शर्म है और ना ही उनके पास क्षमता है। शिंदे पूछ रहे थे कि इस बार कहीं पानी भरा क्या? फिर देखिए आधे घंटे के अंदर मुंबई में क्या हुआ? इस पूरे मामले में शिंदे गुट भी अपने बचाव में उतर आया है। जबकि BJP ने विपक्ष को उनके कार्यकाल में हुई ऐसी पुरानी मौतों की याद दिलाई।

यूपीएससी परीक्षा में घोखाधड़ी मामला

## गिरफ्तार नहीं होगी पूजा खेडकर

**नई दिल्ली/मुंबई।** यूपीएससी परीक्षा में घोखाधड़ी और अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही देने के आरोपों के बीच दिल्ली हाईकोर्ट से महाराष्ट्र कैडर की बर्खास्त आईएएस पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से एक हफ्ते तक राहत मिली है। कोर्ट ने गुरुवार को खेडकर का गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण 4 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। दरअसल, पूजा खेडकर को पिछली बार गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत गुरुवार को खत्म हो रही थी। पूजा खेडकर की तरफ से कोर्ट से आज 15 दिन की मोहलत मांगी गई थी, लेकिन न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की बेंच ने सुनवाई के दौरान उन्हें सिर्फ एक हफ्ते की मोहलत दी है।

## त्योहारों से पहले कामगारों को सरकार का तोहफा

**नई दिल्ली।** त्योहारों से पहले सरकार ने कामगारों खासकर असंगठित सेक्टर के श्रमिकों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने इस सेक्टर में काम करने वाले मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने का एलान किया है। सरकार ने महंगाई के कारण जीवनयापन के बढ़ते खर्च को देखते हुए यह एलान किया है। नई दरें 1 अक्टूबर 2024 से लागू होंगी। सरकार ने परिवर्तशील महंगाई भत्ते (वीडीए) में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य श्रमिकों को जीवन-यापन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद करना है। केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लोडिंग और अनलोडिंग, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें 1 अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था। न्यूनतम मजदूरी दरों को कौशल स्तर-अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और उच्च कुशल के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्र- ए, बी और सी के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। संशोधन के पश्चात क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई, लोडिंग व अनलोडिंग में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपए प्रतिदिन (20,358 रुपए प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपए प्रतिदिन (22,568 रुपए प्रतिमाह) कुशल, लिपिक और शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपए प्रतिदिन (24,804 रुपए प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपए प्रतिदिन (26,910 रुपए प्रतिमाह) होगी।



## खराब वेल्डिंग और जंग की वजह से ढही थी शिवाजी महाराज की मूर्ति

**सिंधुदुर्ग।** सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के मामले में भारतीय नौसेना और राज्य सरकार द्वारा गठित की गई जांच समिति ने 16 पन्नों की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में शिवाजी महाराज की मूर्ति के ढहने के मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूर्ति की संरचना इतनी मजबूत नहीं थी कि वह 33 फीट ऊंची मूर्ति का वजन सह सके। इसके अलावा मूर्ति में वेल्डिंग और जंग लगने के कारण भी बताए गए हैं। नौसेना के पूर्व अधिकारी पवन ढींगरा की अध्यक्षता मंम बनी समिति की रिपोर्ट में बताया गया है कि समिति की प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि मूर्ति में सही तरीके से वेल्डिंग नहीं किया गया था। इसके अलावा कई जगह मूर्ति में जंग भी लग गई थी। ठीक से रखरखाव नहीं करने के अभाव में मूर्ति ढह गई थी।



Narendra Modi
Prime Minister

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF MAHARASHTRA

DIRECTORATE
MAHARASHTRA TOURISM

WORLD TOURISM DAY 2024
TOURISM AND PEACE

UN Tourism
UNITED NATIONS WORLD TOURISM ORGANIZATION



Eknath Shinde
Chief Minister



Elephanta Caves: A UNESCO World Heritage site near Mumbai, these 6th-century rock-cut caves showcase India's artistic heritage. The centerpiece is the 7-meter "Sadashiva" sculpture, depicting Shiva as Creator, Preserver, and Destroyer. The caves are a stunning example of western India's rock-architecture.

This World Tourism Day,
let's make every journey
a step towards a peaceful tomorrow.



Eknath Shinde
Chief Minister

Devendra Fadnavis
Dy. Chief Minister

Ajit Pawar
Dy. Chief Minister

Girish Mahajan
Tourism Minister

Scan for bookings & reservations.

To know more: Send 'Hi' to +91 9403878864
Follow us on: MaharashtraTourism @maha_tourism
maharashtratourismofficial diot@maharashtratourism.gov.in
www.maharashtratourism.gov.in
For bookings and reservations: mahabooking.com

Directorate of Tourism, Tourism Department, Govt. of Maharashtra

# पुलिस स्टेशन में ही महिला पुलिस कर्मचारी पर ब्लेड से हमला

## पुलिस हिरासत में आरोपी



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

हिललाइन पुलिस स्टेशन के अंदर कल्याण विधायक गणपत गायकवाड़ द्वारा गोलीबारी की घटना के बाद विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में गुरुवार सुबह एक मनचले द्वारा पुलिस के अंदर ही महिला पुलिस अधिकारी पर अचानक ब्लेड से हमला किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आयी है। इस घटना से थाने में हड़कंप मच गया है।

### हत्या के प्रयास और सरकारी कर्मचारी पर हमले का मामला दर्ज

शराबी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास और सरकारी कर्मचारी पर हमले का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने घटना की गहन जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में धुत्त पुलिस स्टेशन पहुंचा आरोपी

गुरुवार सुबह करीब एक शराब के नशे में धुत्त एक व्यक्ति विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन आया। जब महिला पुलिसकर्मी उसे शांत करने की कोशिश कर रही थी, तभी अचानक उस आदमी ने अपनी जेब से ब्लेड निकाला और महिला पुलिसकर्मी शीतल भांबले पर वार करना शुरू कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले में महिला पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके सिर, गर्दन और गालों पर गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद मौजूद पुलिस ने हस्तक्षेप किया और नशे में धुत आरोपी बाबासाहेब सोनावणे को गिरफ्तार कर लिया। घायल महिला पुलिस अधिकारी को तुरंत उल्हासनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और डॉक्टरों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है।

# मध्यवर्ती अस्पताल में दवा की किल्लत

## लाखों के बिल बकाया होने से मरीजों का हाल बेहाल

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर के मध्यवर्ती अस्पताल में दवा सप्लायर के लाखों रुपये बकाया होने के कारण चार महीनों को दवा की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। दवा व प्रयोगशाला में लगाने वाले रसायन अन्य सामान को बंद कर देने से सरकारी अस्पताल की मुफ्त योजना बंद होती दिखाई दे रही हैं।

### अस्पताल प्रशासन ने क्या कहा?



इस बारे में उल्हासनगर के मध्यवर्ती अस्पताल के सिविल सर्जन मनोहर बनसोडे ने बताया कि 25 सितंबर 2024 को जिला शल्य चिकित्सक, ठाणे को लिखित जानकारी दी है। पहले दस रुपए केस पेपर, व उपचार के एवज में कुछ राशि लिया जाता था। उससे अस्पताल का कारभार चलता था। अब सरकार की मुफ्त घोषणा शुरू होने से काफी तकलीफ महसूस हो रही हैं।

### 15 अगस्त 2023 से मुफ्त उपचार योजना शुरू

राज्य सरकार ने 15 अगस्त 2023 से मुफ्त उपचार योजना शुरू की। उल्हासनगर के मध्यवर्ती अस्पताल में भी यह योजना शुरू हुई । मध्यवर्ती अस्पताल में 2000 के करीब ओपीडी के मरीज प्रतिमाह आते हैं। इसके अलावा मध्यवर्ती अस्पताल में 201 बेड का अस्पताल है। उसमें मरीजों का उपचार मुफ्त में किया जाता है। चार माह से 35 लाख 16 हजार 828 रुपए बकाया है। उसमें तीन लाख 06 हजार 560 रुपए प्रयोगशाला की सामग्री है। इसका विगत चार माह से सरकार की तरफ से बकाया अनुदान नहीं दिया गया है। इसके कारण आज मरीजों को मुफ्त उपचार देने में दिक्कत हो रहीहै। यह योजना मध्यवर्ती अस्पताल में ही नहीं बदलापुर ग्रामीण, अंबरनाथ के छाया अस्पताल की भी यही हालत है।

# पुणे पोर्श केस में आरोपी किशोर पर शिकंजा कसा

## सबूत नष्ट करने और भ्रष्टाचार के आरोप भी जोड़े गए



दोपहर संवाददाता | मुंबई

पुणे पुलिस ने गुरुवार को कल्याणी नगर पोर्श कार हादसे में शामिल 17 वर्षीय किशोर के खिलाफ सबूत नष्ट करने और जालसाजी के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध के आरोप भी जोड़ दिए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष नए आरोपों वाली एक पूरक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

### नशे में पोर्श कार चला रहा था नाबालिग

अंतिम रिपोर्ट, जून में दायर की गई थी। किशोर कथित तौर पर शराब के नशे में पोर्श कार चला रहा था, जब 19 मई की सुबह शहर के कल्याणी नगर इलाके में एक मोटरसाइकिल को उसने टक्कर मार दी, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई, दोनों युवा आईटी पेशेवर थे। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया, जेजेबी के समक्ष एक पूरक अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (साक्ष्यों को गायब करना), 213 (अपराधी को बचाने के लिए उपहार लेना), 214 (अपराधी को बचाने के लिए उपहार या संपत्ति की वापसी की पेशकश करना), 466, 467, 468, 471 (जालसाजी से संबंधित सभी अपराध) के तहत आरोप शामिल हैं।

# भिवंडी मनपा का अजब कारनामा

## पानी चोरों को संरक्षण में जुटे मनपा अधिकारी

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी मनपा अधिकारी पानी चोरी पर लगाम कसने में असफल साबित हो रहे हैं जिस का कारण खुद मनपा अधिकारियों की भ्रष्ट नीति है। यही वजह है कि भिवंडी मनपा द्वारा चलाया गया पानी चोरी के खिलाफ अभियान ठप पड़ गया है। मनपा का जलआपूर्ति विभाग पानी चोरों को संरक्षण देने में कितना पेश पेश रहता है इस बात का अंदाजा बुधवार को हुई रूंगटा डाइंग के विरुद्ध कार्रवाई में साफ देखा जा रहा है। रूंगटा डाइंग की अनधिकृत रूप से नाले व गटर से ले जाने वाली पानी की पाइप लाइन पर कार्रवाई करते मनपा के अधिकारियों ने डाइंग मालिक पर पानी चोरी का मामला तक दर्ज नहीं कराया। सिर्फ सार्वजनिक रास्ते की खोदाई को लेकर एफआईआर कराई गई है।

### क्या है मामला ?




बता दें कि भिवंडी के कल्याण रोड स्थित आस बीबी इलाके में कई बार आगजनी घटना के नाम से मशहूर वर्षों से चल रही रूंगटा डाइंग के मालिक व मैनेजर ने डाइंग में भारी मात्रा उपयोग किए जाने के लिए पानी की पाइप लाइन अनधिकृत रूप से नाले के जरिए लाई गई थी। इसके लिए उक्त रूंगटा डाइंग द्वारा मनपा के सार्वजनिक रास्ते की भी खोदाई की गई थी। इसकी जानकारी मनपा के जल आपूर्ति विभाग को मिलने के बाद प्रशासक तथा मनपा आयुक्त के आदेशानुसार व जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के नेतृत्व में बुधवार के रोज पथक प्रमुख विराज भोईर, नफीस मोमिन व उनकी टीम ने उक्त डाइंग का निरीक्षण किया और पाया कि रूंगटा डाइंग के मालिक व मैनेजर ने अनधिकृत रूप से नाले के भीतर से पाइप लाइन खींच कर लाखों लीटर पानी चोरी कर रहा है। साथी ही इन पाइप लाइन के कारण नाले की सफाई भी पूरी तरह से नहीं हो पाती है। इसके कारण वहां के नागरिकों को स्वास्थ्य के लिए खतरा भी बना हुआ है। उक्त डाइंग द्वारा नाले की सफाई में अर्चन पैदा करने तथा सार्वजनिक रास्ते की खोदाई कर कुल 50 हजार रूपये का नुकसान किया गया है। इस मामले में शहर पुलिस ने मनपा कर्मी विराज भोईर की शिकायत पर रूंगटा डाइंग के मालिक सुनील रूंगटा और मैनेजर देवेंद्र वासुदेव मेहता के खिलाफ बीएनएस की धारा 326(ग), 326(ख), 324(4), 5 के तहत मामला दर्ज कर की है। लेकिन पानी चोरी को लेकर कोई भी मामला इस में नजर नहीं आ रहा है। मनपा अधिकारियों की मिली भगत और पानी चोरों को संरक्षण देने की नीति साफ उजागर हो रही है।

# मानसून के तीन महीनों में 846 लोगों को सांप ने काटा

दोपहर संवाददाता | ठाणे



मानसून के दौरान जैसे ही भूमि जलमग्न हो जाती है, सांप भूमि पर आ जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय बाहर निकलने पर, खेलते समय या चावड़ी पर बैठकर चर्चा करने पर सर्पदंश की घटनाएँ घटित होती हैं। जून से अगस्त 2024 तक तीन महीने की अवधि के दौरान, 846 लोगों को सांप ने काटा है और उनका इलाज ठाणे जिले के जिला अस्पताल, उप-जिला अस्पताल और ग्रामीण अस्पताल में किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने दावा किया है कि सर्पदंश से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। जुलाई में सांप काटने के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।

ठाणे जिले के शाहपुर, मुरबाड, भिवंडी, कल्याण और अंबरनाथ तालुका के ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्रों में गर्मियों में भूमि गर्म हो जाती है और जमीन के सरीसृप और भूमिगत जानवर ठंडे स्थानों की तलाश में बिलों से बाहर आते हैं। ये जानवर इंसानों के संपर्क में आने पर उन्हें काट लेते हैं। दूसरी ओर, बरसात के मौसम में भी जमीन पर जमा पानी के कारण सरीसृप सुरक्षित स्थान की तलाश में अपने बिलों से बाहर निकल आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रात में शौच करते समय, घर के बाहर खेलते समय सर्पदंश के मामले सामने आते हैं। ठाणे जिला अस्पताल के साथ-साथ उपजिला अस्पताल में सर्पदंश रोग के इलाज के लिए दवाओं का पर्याप्त भंडार है।

# गोपाल नगर के नागरिक नरकीय जीवन जीने पर मजबूर

## समस्या

दोपहर संवाददाता | भिवंडी




भिवंडी के गोपाल नगर में मूलभूत सुविधाओं को लेकर मनपा उदासीन बनी हुई है। जहां समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मानव के सभी कर भुगतान के बावजूद भिवंडी मनपा द्वारा यहां के नागरिक नारकीय जीवन गुजारने पर मजबूर है। टूटे गटर के कारण गटर का गंदा पानी बिल्डिंगों के परिसर तथा मार्ग पर बह रहा है। रोजाना यहां के स्थानिकों को इसी गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है।

### लिखित पत्र द्वारा मनपा आयुक्त तथा विधायक रईस शेख से शिकायत

गोपाल नगर कॉ- ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी सहित अनेकों सोसायटी ने मिलकर इसकी लिखित पत्र द्वारा मनपा आयुक्त तथा विधायक रईस शेख से शिकायत की है। इसके अलावा यहां गटर के पुनर्निर्माण की लगातार मांग की जा रही है। परंतु एक वर्ष बीत जाने के बावजूद गोपालनगर के नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इसके कारण यहां के नागरिकों में मनपा के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। समाजसेवक अजय महाडिक ने बताया कि मनपा के प्रभाग समिति दो के अंतर्गत वार्ड नंबर 10 के गोपाल नगर इलाके में 17 वर्ष पूर्व पाटीदार हॉल से दादासाहब दांडेकर विद्यालय तक गटर का निर्माण किया गया था। परंतु योजना की कमी एवं सौंदर्यीकरण के समय अधिकारियों की दूरदर्शिता की कमी के कारण गटर ध्वस्त हो गई है। इसकी वजह से ड्रेनेज तथा गटर का गंदा पानी सोसायटी में चारों ओर फैला हुआ है, जो बारिश के समय और भी अधिक बढ़ जाता है। अजय महाडिक ने बताया कि गंदगी से परेशान यहां के नागरिकों ने एक वर्ष पूर्व सपा विधायक रईस शेख को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए इस का समापन करने की मांग की थी। वहीं विधायक रईस शेख ने दूसरे ही दिन मनपा के तत्कालीन शहर अभियंता सुरेश भट एवं उप अभियंता सचिन नाईक सहित सभी संबंधित अधिकारियों को भेज कर उक्त टूटी गटर का निरीक्षण किया गया था, और यहां के नागरिकों को उक्त समस्याओं से जल्द निजाद दिलाने का आश्वासन भी दिया था। परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी समस्या जैसी की तैसी बनी हुई है। अब एक बार फिर गोपाल नगर के अनेकों सोसायटियों ने टूटी गटर के पुनर्निर्माण तथा मूलभूत सुविधा मिलने हेतु रईस शेख तथा प्रशासक व मनपा आयुक्त अजय वैद्य को ज्ञापन देकर मांग की है।

# राकांपा शरद गुट से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए मिले 1300 से ज्यादा आवेदन

दोपहर संवाददाता | मुंबई



बीते लोकसभा चुनाव में राकांपा (शरद) को मिली सफलता के बाद अब राज्य में विधानसभा चुनाव शरद गुट से लड़ने के लिए लाइन लग गई है। सूत्रों का कहना है कि शरद पवार की पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए राज्य भर से करीब 1 हजार 350 आवेदन मिले हैं। ऐसा नहीं है कि उन सीटों पर ही आवेदन मिले हैं, जिन सीटों पर पार्टी के चुनाव लड़ने की संभावना ज्यादा है। बल्कि पूरे राज्य से चुनाव लड़ने को आवेदन मिले हैं। सबसे ज्यादा आवेदन देवलाली विधानसभा सीट पर मिले हैं, जहां 38 लोगों ने आवेदन किया है। जिन लोगों ने आवेदन किया है उनसे पार्टी ने एक शपथ पत्र भी लिया है कि अगर पार्टी से उन्हें टिकट नहीं मिलता है तो निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ सकते।

### पार्टी को 85 से 90 सीटें मिलने की संभावना

सूत्रों का कहना है कि राकांपा (शरद) ने महाविकास आघाडी में सीटों के बंटवारे में 90 से 100 सीटों की मांग की है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि पार्टी को 85 से 90 सीटें चुनाव लड़ने को मिल सकती हैं। देवलाली विधानसभा सीट से 38 लोगों ने टिकट मांगा है। जबकि अजित गुट के विधायक नवाब मलिक के निर्वाचन क्षेत्र अणुशक्तिनगर से भी नौ लोगों ने आवेदन किया है। इसके अलावा अजित के मंत्रियों के खिलाफ भी चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों ने दिलचस्पी दिखाई है।

### आवेदनों ने माहौल बदला

जिस समय अजित पवार राकांपा को तोड़कर राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार में शामिल हुए थे, तो उस समय राजनीतिक कयास लगाए जा रहे थे कि लगभग सभी बड़े नेताओं के अजित के साथ जाने से लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शरद पवार को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिलेंगे। लेकिन इन कयासों को लोकसभा चुनाव में शरद गुट के नतीजों ने तोड़ दिया और अब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मिले आवेदनों ने माहौल बदल दिया है। शरद गुट ने कुछ दिनों पहले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे थे। कुछ ही दिनों में पार्टी के कार्यालय में आवेदनों का अंबार लग गया और करीब 1 हजार 350 इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन आ गए।

### पार्टी ने लिया शपथ पत्र

सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर आवेदनकर्ताओं से पार्टी ने एक 100 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र लिया है। जिसमें लिखा गया है कि अगर उन्हें राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से किसी भी सीट पर टिकट नहीं मिलता है तो वह पार्टी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ेंगे। साथ ही उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट मिलने वाले उम्मीदवार का समर्थन करना होगा।

# 29 सितंबर को निकलेगी जैन संघों की महारथयात्रा

दोपहर संवाददाता | मुंबई




मुंबई महानगर में शास्त्र-सापेक्षता और विधिमार्ग के आदर्श को स्थापित करने वाली एक अनुकरणीय महारथयात्रा आगामी 29 सितंबर रविवार को मुंबई के मुख्य मार्गों पर निकलेगी। सुबह 8:30 बजे श्रीपालनगर, चंदनबाला जैन संघ वालकेश्वर से महारथयात्रा प्रस्थान करेगी। दर्शन के लिए महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों और मुंबई के प्रत्येक क्षेत्र से भाविक बड़ी संख्या में एकत्रित होंगे। श्रीपालनगर, चंदनबाला, मलबार हिल से प्रारंभ होने वाली यह महारथयात्रा चोपाटी, सुखसागर, गिरगांव, खेत्तवाड़ी, सी।पी। टैंक होते हुए मुंबई के मुख्य मार्गों से होकर भुलेश्वर, मोतिशा लालबाग जैन मंदिर में संपन्न होगी। इसके बाद विराट धर्मसभा में रथयात्रा का महात्म्य पूज्य गुरु भगवंत द्वारा समझाया जाएगा और आगामी आयोजन की घोषणा की जाएगी। हजारों साधर्मीक भाई-बहनों को बिठाकर उनकी साधर्मीकभक्ति का आयोजन किया जाएगा। जैन आगमादि धर्मशास्त्रों और उनके अनुसार आचरण करने वाले बृहत मुंबई के संघों और समस्त संघ के आराधकों द्वारा इस रथयात्रा का महा आयोजन श्री पर्युषण महापर्व के निमित्त बृहत मुंबई में की गई तपस्याओं की अनुमोदना हेतु तथा श्रावक जीवन के वार्षिक कर्तव्य के पालन रूप में किया गया है।।। तपागच्छ के सबसे विशाल समुदाय से जो प्रसिद्ध हैं, ऐसे ₹सूरीरामचंद्र₹ समुदाय और सूरीशांतिचंद्र समुदाय के मध्य मुंबई में चातुर्मास विराजमान आचार्य भगवंतों, पदस्थ भगवंतों, मुनिवरों और श्रमणियों आदि की विशाल उपस्थिति में यह महायात्रा निकलेगी।

# पुलिसवालों की मुश्किलें होंगी आसान




## निजी अस्पतालों में भी होगी मेडिकल जांच

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई और कोकण क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अब चिकित्सा जांच के लिए केवल सरकारी अस्पतालों (पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस बल के लिए तीन निजी अस्पतालों में मेडिकल जांच की मंजूरी दी है, जिससे पुलिसकर्मियों की मेडिकल जांच की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

गृह विभाग के अनुसार, 40 से 50 वर्ष आयु वर्ग के पुलिस कर्मियों के लिए हर दो साल में और 51 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए हर साल चिकित्सा जांच अनिवार्य है। अब तक यह जांच केवल नागपाड़ा पुलिस अस्पताल, नायगांव उप पुलिस अस्पताल और कुछ सरकारी अस्पतालों में ही होती थी। अस्पतालों की सीमित संख्या के कारण पुलिसकर्मियों को जांच कराने में कठिनाई होती थी।

अब वाशी, अंधेरी (पूर्व) और नासिक में स्थित अपोलो क्लीनिक को भी इस सूची में शामिल कर लिया गया है। इन निजी अस्पतालों में मेडिकल जांच की सुविधा शुरू हो जाने से पुलिसकर्मी इन अस्पतालों में भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा सकेंगे। साथ ही, गृह विभाग ने इन निजी अस्पतालों में जांच के लिए प्रति पुलिसकर्मी 5,000 रुपए तक की प्रतिपूर्ति की भी मंजूरी दी है।

### मुंबई में उपलब्ध पुलिस चिकित्सा केंद्र



मुंबई में पुलिसकर्मियों के लिए नागपाड़ा पुलिस अस्पताल में 114 बेड और नायगांव उप पुलिस अस्पताल में 40 बेड उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 12 क्लीनिक विभिन्न पुलिस स्टेशनों में काम कर रहे हैं, जहां पुलिसकर्मी नियमित स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं। इनमें ताड़देव, सांताक्रूज़, कांदिवली, डॉ। डीबी मार्ग, नेहरू नगर, वर्ली, माहिम, अंधेरी, मरोल और दादर पुलिस स्टेशनों के क्लीनिक शामिल हैं। इस नई सुविधा से पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे और समय की बचत होगी।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**सहायक आयुक्त एच/डब्लू विभाग का कार्यालय, दूसरा हसनाबाद लेन, खार (प।), मुंबई-400052**

**क्र ।एचडब्लू/जीईएन/1181/एईएम दि। 26/09/2024**

### उद्धरण सूचना

अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रण ठेकेदार की नियुक्ति के लिए एमेनिटी पार्किंग साइट चलाने के लिए सीटीएस नंबर 120 से 126, हाई-लाइफ मॉल, फिरोजशाह मेहता रोड सांताक्रूज़ (पश्चिम), मुंबई-एस4, एच/पश्चिम वार्ड में।

नियम व शर्तों के साथ खाली कोटेशन फॉर्म 27 ।09 ।2024 से 03 ।10 ।2024 तक सुबह 11 ।00 बजे से शाम 5 ।00 बजे तक उपरोक्त पते पर एच ।सी ।(एक्स।) से 1000 रुपये + 18% जीएसटी के भुगतान पर खरीदा जा सकता है।

उपरोक्त सेवाओं के लिए ईएमडी रु।20000/- (केवल बीस हजार रुपये) है। ईएमडी का भुगतान 03 ।10 ।2024 को या उससे पहले नकद में किया जाना है।

कोटेशन 04 ।10 ।2024 को दोपहर 1 ।00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और उसी दिन दोपहर 3 ।00 बजे खोले जाएंगे। सहायक आयुक्त, एच/पश्चिम को बिना कोई कारण बताए किसी या सभी कोटेशन को बदलने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता।
सहा। अभियंता (मेंटे।) एच/पश्चिम

पीआरओ/1422/विज्ञा।/2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** दृढ़ संकल्प जीत का आधार है : अल्फ्रेड थायर महान

न्यूज़ ब्रीफ

## छगन भुजबल की तबीयत बिगड़ी



**बॉम्बे अस्पताल में भर्ती**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण उन्हें बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें विशेष विमान से पुणे से मुंबई लाया गया, जिसके बाद भुजबल को बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, उनकी तबीयत में अचानक गिरावट आने के बाद परिवार और पार्टी के सदस्यों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। भुजबल को भर्ती करने के बाद उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। अस्पताल में उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता दी जा रही है।

## विवादित फिल्म इमरजेंसी को कुछ सीन हटाने के बाद ही रिलीज की इजाजत

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी से कुछ सीन और डायलॉग हटाने के बाद केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) फिल्म को रिलीज करने की इजाजत देगा। सीबीएफसी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सीबीएफसी की संशोधन समिति ने इसमें कुछ सीन और डायलाग हटाने की सिफारिश की है। इस फिल्म को लेकर सिख संगठनों ने आरोप लगाया है कि इसमें सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश किया गया है। पहले 6 सितंबर को फिल्म को रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा प्रमाणपत्र जारी नहीं किये जाने से फिल्म की रिलीज लटकी हुई है।

## वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में हुआ हंगामा

**मुंबई।** शहर में गुरुवार को वक्फ (संशोधन) बिल 2024 को लेकर एक होटल में संयुक्त संसदीय समिति की बैठक हुई। इसमें शामिल सभी पक्षों ने अपना मत रखा। इस दौरान गुलशन फाउंडेशन के सदस्य वक्फ (संशोधन) बिल का समर्थन करते हुए अपना सुझाव रख रहे थे। आरोप है कि इस दरम्यान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कल्याण बनर्जी ने उसका विरोध किया। जिसके बाद शिवसेना (शिंदे) के सांसद नरेश म्हस्के ने कल्याण बनर्जी को रोकने की कोशिश की। जिसमें दोनों के बीच विवाद हो गया।

### किसी भी मेहमान का अपमान नहीं होने दूंगा: म्हस्के



सांसद नरेश म्हस्के ने बैठक से निकलने के बाद कहा कि विपक्ष के दलों में वक्फ (संशोधन) बिल पर कौन कितना शोर मचा सकता है इसकी स्पर्धा चल रही है। मैं साफ करना चाहता हूं कि यहां किसी भी मेहमान का अपमान करना मैं सहन नहीं करुंगा, वह भी इसलिए क्योंकि वह सदस्य वक्फ (संशोधन) बिल 2024 के समर्थन में बोल रहा है।

# हाजी अली दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी

नितिन तोरस्कर | मुंबई

मुंबई में अक्सर धमकी भरे मेल, फोन और खत आते रहते हैं। इस बार एक और धमकी भरा फोन आया, जिसमें सुप्रसिद्ध हाजी अली दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। फोन करने वाले ने दरगाह ट्रस्ट के ऑफिस में कॉल किया, जिसमें उसने धमकी देते हुए कहा कि हाजी अली दरगाह में बम रखा गया है। दरगाह को तुरंत गिरा दो। जानकारी के मुताबिक, ये धमकी भरा कॉल एक दिन पहले यानि कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे आया था। ट्रस्ट वालों ने तुरंत इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस थाने को दी, जिसके बाद पुलिस और बम स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुंचकर कर जांच-पड़ताल की।




### 2 साल पहले भी मिली थी धमकी

यह पहली बार नहीं है जब हाजी अली दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी मिली हो। 2022 में भी एक बार दहगाह को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। तब धमकी भरा कॉल मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम के पास आया था। कॉल करने वाले आरोपी ने कहा था कि 17 आतंकी दरगाह को उड़ाने वाले हैं। इसके बाद ही उसने तुरंत फोन को कट कर ऑफ कर लिया था। हालांकि मुंबई पुलिस आरोपी की कॉल ट्रेस कर उसके पास पहुंची, लेकिन पता चला कि वह तो मानसिक रोगी है।

### सभी धर्म के लोग जाते हैं दरगाह पर

हाजी अली दरगाह मुंबई के सबसे लोकप्रिय धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां सभी धर्मों के लोग समान रूप से आते हैं। हाजी अली दरगाह भारत के सबसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित स्थलों में से एक है, जो लाला लाजपतराय मार्ग से दूर अरब सागर के बीच में मुंबई तटरेखा से लगभग 500 गज की दूरी पर स्थित है। हाजी अली दरगाह मुस्लिम सूफी संत पीर हाजी अली शाह बुखारी की कब्र वाला परिसर है। मकबरे के साथ-साथ हाजी अली में एक मस्जिद भी है। यह स्मारक लंबे समय से मुंबई के तटों की रखवाली कर रहा है।

### नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज

गुरुवार को मुंबई पुलिस की तरफ से जारी किए गए बयान में बताया गया कि हाजी अली दरगाह ट्रस्ट के ऑफिस में बीते बुधवार की शाम करीब 5 बजे एक कॉल आया, जिसमें मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित हाजी अली दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। कॉल करने वाले ने खुद को पवन बताया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। साथ ही दरगाह के बारे में विवादित बयान दिया। हाजी अली दरगाह के प्रशासनिक अधिकारी ने इसकी शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में की। पुलिस स्टेशन अधिकारी और बम स्क्वायड टीम ने दरगाह पहुंचकर जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फिलहाल ताड़देव पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## फर्जी खबरों के संशोधित आईटी नियमों को औपचारिक रूप से किया गया रद्द



**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय के तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को उच्च न्यायालय ने औपचारिक रूप से संशोधित आईटी नियमों को रद्द कर दिया। आईटी संशोधन का उद्देश्य सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ फैलाई जा रहीं फर्जी खबरों की रोकथाम करना था, लेकिन उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक बताकर संशोधित नियमों को रद्द कर दिया। इससे पहले 20 सितंबर को न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट हैं और इनका सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है और संशोधित आईटी नियमों को रद्द करने का आदेश दिया।

# MMRDA को मिला 31,673 करोड़ का ऋण

- मुंबई के बुनियादी ढांचे के काम में तेजी लाने के लिए समझौता

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) से एक बड़ी ऋण सुविधा हासिल की है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के परिवहन परिदृश्य को बदलने वाली नौ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 31,673.79 करोड़ रुपए की ऋण राशि को मंजूरी दी गई है।

### परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त 16,602.79 करोड़ आवंटित



ठाणे कोस्टल रोड (चरण I), घाटकोपर से ठाणे तक ईस्टर्न फ्रीवे एक्सटेंशन, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 4 से कटाई नाका तक एलिवेटेड रोड, कोलशेत ठाणे से खरबाओ, भिवंडी तक क्रीक ब्रिज और एक्सेस रोड के साथ-साथ कासरवडावली, ठाणे और खरबाव के बीच, कल्याण मुरबाद रोड (पाम्स वाटर रिज़ॉर्ट) से बदलापुर रोड (जगदीश डेयरी) तक एलिवेटेड रोड के साथ-साथ वालधुनी नदी पर रेलवे ओवरब्रिज, ठाणे शहर में आनंद नगर से साकेत तक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एलिवेटेड रोड और गायमुख से पयगांव तक क्रीक ब्रिज के निर्माण के लिए अतिरिक्त 16,602 I79 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### कुल राशि में से 15,071 करोड़ ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल परियोजना के लिए निर्देशित

25 सितंबर को पीएफसी और एमएमआरडीए के बीच एक औपचारिक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे कई उच्च प्राथमिकता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वित्तीय समापन हुआ, जिसका उद्देश्य कनेक्टिविटी को बढ़ाना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और एमएमआर में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस वित्तीय समापन का उद्देश्य कुल परियोजना लागत का 80 प्रतिशत कवर करना है, जबकि शेष भाग को सरकारी अनुदान और एमएमआरडीए के योगदान के संयोजन के माध्यम से समर्थित किया जाएगा। कुल राशि में से 15,071 करोड़ रुपये ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल परियोजना के लिए निर्देशित किए जाएंगे।

# 'एनसीपी की वजह से बीजेपी को लोकसभा चुनाव में कम मिले वोट'

### महायुति गठबंधन को लेकर फडणवीस का दावा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के महायुति गठबंधन को लेकर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा को अजित पवार की एनसीपी के चलते कम वोट मिले थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के 80 फीसदी मूल वोटर को चुनाव में एनसीपी के साथ गठबंधन पसंद नहीं आया। हालांकि अब कार्यकर्ता और लोग गठबंधन को लेकर आश्वस्त हैं और इसे समझते हैं।

### इस चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन सबसे खराब



इसे लेकर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पिछले आम चुनावों के मुकाबले इस चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। हमने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और हम बहुत कम सीटें जीत सके। हम 12 सीटों को तीन प्रतिशत से भी कम वोटों से हार किसी को याद रखना चाहिए कि हमें इस 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट मिले। फडणवीस ने कहा कि भाजपा को शिंदे की शिवसेना (7) और अजित पवार की एनसीपी (1) से अधिक सीटें मिलीं।

# शिवसेना का प्रचार अभियान हुआ तेज



- महाविजय संवाद अभियान का ऐलान
- युवा सेना, महिला मोर्चा, सोशल सैनिक सरकार द्वारा किये गए कामों को घर-घर पहुंचाएंगे
- हर एक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महायुति सरकार द्वारा किए कामों को जनता तक पहुंचाने के लिए शिवसेना ने आज 'महाविजय संवाद' नामक राज्यव्यापी यात्रा की घोषणा की। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह अभियान शुक्रवार 27 सितंबर 2024 से तीन विभागों युवा सेना, महिला अघाड़ी और शिवसेना सोशल मीडिया द्वारा पूरे राज्य में चलाया जाएगा, ऐसी जानकारी शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दी। वह बाळासाहेब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

### सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने जानकारी दी

सांसद डॉ. शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में सरकार ने जो काम किया है, उसे हर मतदाता तक पहुंचाने का पार्टी का प्रयास है। इसके लिए पार्टी ने 'महाविजय संवाद' नाम से एक और जनसंपर्क अभियान तैयार किया है। इसके तहत एक नेता और एक उपनेता को हर दिन एक विधानसभा क्षेत्र का दौरा करना होगा। उन निर्वाचन क्षेत्रों में से पांच क्षेत्रों में जाकर लोगो से मुलाकात करना, सम्मेलन आयोजित करना, ऐसे इस अभियान का स्वरुप है। डॉ. शिंदे ने कहा कि शुक्रवार से महाविजय संवाद अभियान शुरू होगा और पहला चरण पांच दिनों का होगा।

### भिवंडी गांव से युवा सेना का अभियान शुरू

युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक के नेतृत्व में आज से भिवंडी गांव से युवा सेना का अभियान शुरू होगा। प्रतिदिन 6 विधानसभाओं का दौरा कर के शाखाओं की समीक्षा और सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पूर्वेश सरनाईक ने बताया कि 13 अक्टूबर से मराठवाड़ा, पश्चिमी महाराष्ट्र और कोंकण में युवा सेना का दौरा होगा।


**भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका, भिवंडी, जि.ठाणे**
**बांधकाम विभाग प्र.स. क्र.०२**

**ई-निवीदा सुचना क्र, 91 /2024-25**

भिवंडी नि. शहर महानगरपालिकेच्या बांधकमा विभागा मार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक 27/09/2024 ते दि. 04/10/2024 पर्यंत विक्रिस उपलब्ध आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नावं | अंदापत्रकिय रक्कम |
|---|---|---|
| 1 | प्रभाग समिती क्र.2 च्या कार्यक्षेत्रात शेखर डोके प्लॉटच्या मागे ते हाजी मो. मटन शॉप पर्यंत रस्ता दुरूस्ती करणे. | 57,71,666/- |

वरील ऑनलाईन निविदा दि. 04/10/2024 पर्यत दुपारी 4.०० पर्यत स्विकारण्यांत येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि.07/10/2024 रोजी संध्या.4.01 वाजता अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोयीप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यांत येईल अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या उक्त नमुद संकेत स्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शायकिय इमारतीमधील ५ मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा.

हस्ता.
**(सचिन नाईक)**
प्र. शहर अभियंता
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**
म्हाडा MHADA
**टेली.नं.-022-66405484, ई-मेल : eecityslum@gmail.com**

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता (शहर) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), **कमरा नं.539, 4थी** मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051 फोन नंबर (022) 66405484 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिए बी 1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में **20** कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **http:/mahatenders.gov. in** पर उपलब्ध है और यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते है।

निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि **27/09/2024 को सुबह 10.05** बजे है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि **04/10/2024 को शाम 5.35** बजे तक है। शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Follow us:@mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/766

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

महानिविदा ई निविदा क्र-2024_एमसीजीएम_1092480_1

**'ई-निविदा सूचना'**

महानगरपालिका आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगरपालिका बीएमसी के अंधेरी (पूर्व) स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स के दिन-प्रतिदिन के संचालन और रखरखाव के लिए 03 अक्टूबर 2024 तक निविदाएं आमंत्रित करता है।

अधिक जानकारी **www.mcgm.gov.in** और **https://mahatenders.gov.in/nicgep/app** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

हस्ता./
संदीप वैशंपायन
समन्वय
क्रीडा व मनोरंजन

पीआरओ/1411/विज्ञा./2024-25

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**हाइड्रोलिक इंजीनियर विभाग**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2024_एमसीजीएम_1093100_1 |
| विषय | एईओसी(टीएम) प्रभाग के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्य। |
| निविदा की लागत | रु.1557.60 (1320+18% जीएसटी) |
| बोली जांच जमा/ईएमडी | रु.9,500/ |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तारीख | 27/09/2024 को सुबह 11.00 बजे से |
| निविदा की बिक्री और बोली की प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय सुरक्षा जमा | 04/10/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| पकैट ए, बी, और सी जमा करना (ऑनलाइन) | 04/10/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| पैकेट ए और बी खोलना | 05/10/2024 को शाम 04.01 बजे के बाद |
| विभाग का नाम | उप हाइड्रोलिक इंजीनियर (रखरखाव) |
| वेबसाइट | mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | श्री. पी. ए.रॉड्रिक्स सहायक अभियंता (शहर के बाहर) ट्रंक मेन |
| संपर्क नं: | 9930260576 |
| ईमेल | ae01dyhemaint.he@mcgm.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।

एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता./
कार्यकारी अभियंता
(मुख्य कार्य) जल कार्य

पीआरओ/1406/विज्ञा./2024-25

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# प्रतिभाओं से छल

सुप्रीम कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है जिसमें अदालत ने सख्त लहजे में कहा– 'पंजाब में एनआरआई कोटे का बिजनेस बंद हो, यह धोखाधड़ी है।' शायद, कोर्ट निर्लज्ज राजनीति पर इससे ज्यादा सख्त टिप्पणी नहीं कर सकता। कोर्ट ने तो यहां तक कह दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में मनमानी कुछ और नहीं सिर्फ पैसा घुमाने की मशीन है। निस्संदेह, मेडिकल कॉलेजों के कर्ताधर्ताओं से मिलीभगत करके एनआरआई की व्यापक परिभाषा का उपयोग आर्थिक लाभ पाने की मंशा से किया जा रहा था। राजनीतिक जिद देखिये कि पंजाब सरकार के इस बाबत जारी अध्यादेश को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले जाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यह फर्जीवाड़ा बंद होना चाहिए। एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण का लाभ देकर मेधावी छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात किया जाता। जिसकी अनुमति किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकी। इस कदम से एनआरआई कोटे का मूल मकसद ही समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये संशोधन का प्रयास प्रॉस्पेक्टस जारी होने के बाद किया गया, जो सरकार की नीयत-नीति पर सवाल पैदा करता है। अदालत का मानना था कि एनआरआई कोटे का मूल मकसद एनआरआई व उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था। जिससे उन्हें भारत में मेडिकल शिक्षा पाने का मौका मिल सके। सरकार की हालिया पहल नीति के मूलभूत उद्देश्य को बाधित करती है। तभी शीर्ष अदालत ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के अध्यादेश पर रोक लगाने के फैसले को उचित ठहराया। निस्संदेह, यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती तो नीट परीक्षा में कई गुना अधिक नंबर हासिल करने वाले छात्र मेडिकल कालेजों में दाखिला पाने से वंचित हो जाते। निस्संदेह, राज्य सरकार की ऐसी कोशिशों से उन मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होता, जो सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। ये कोशिश नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होती। फिर यह डॉक्टरी जैसे गंभीर संवेदनशील पेशे के लिये भी घातक होता कि अयोग्य लोग मरीजों का उपचार करने के अधिकारी बन जाते। यानी हम समाज में अयोग्य डॉक्टरों को उपचार करने की अनुमति देते। जो दूसरे शब्दों में नीम-हकीम खतराये जान वाली कहावत को चरितार्थ करता। फिर जो लोग लाखों-करोड़ की फीस देकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करते, वे चिकित्सा पेशे में सेवा के पवित्र मकसद के बजाय मुनाफे के मेवे पर ध्यान केंद्रित करते। जो समाज में लगातार महंगे होते उपचार को बढ़ावा देने वाला ही होता। इसी तरह चिकित्सा के पेशे में आने वाले तमाम मेधावी छात्रों के साथ भी यह अन्याय होता। यह विडंबना है ही कि देश में चिकित्सा की पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। सामान्य परिवारों के लिये चिकित्सा शिक्षा हासिल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इस संकट को निजी मेडिकल कालेजों की मुनाफाखोरी ने बढ़ावा ही दिया है। जिस देश में पहले ही आबादी के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या विश्व मानकों के अनुपात में कम है,वहां महंगी होती मेडिकल शिक्षा स्थिति को और विकट ही बनाएगी। बहुत संभव है कि एनआरआई कोटे से शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की प्राथमिकता देश के बजाय विदेश में प्रेक्टिस करने की होती। ऐसे मामलों में केंद्र सरकार को पूरे देश में एनआरआई कोटे के आरक्षण के मानकों में एकरूपता लानी चाहिए जिससे किसी राज्य विशेष की प्रतिभाओं के साथ होने वाले अन्याय को रोका जा सके। कम से कम किसी मेधावी छात्र को मोटी फीस न दे पाने की वजह से चिकित्सा शिक्षा हासिल करने के अधिकार से वंचित न होना पड़े। हाल के वर्षों में राजग सरकार ने देश में बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की थी। जरूरत इस बात की है कि गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा को मूर्त रूप देने की पहल शीघ्रता से की जाए। जिससे लाखों छात्रों के डॉक्टर बनने के सपने को पूरा किया जा सके।

शख्सियत | विलियम विलकॉक्स

## सिविल इंजिनियर



विलियम विलकॉक्स एक ब्रिटिश सिविल इंजीनियर थे जिनका जन्म 27 सितंबर, 1852 को हुआ था। वे महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं के डिजाइन और निर्माण में अपने काम के लिए प्रसिद्ध हुए, खासकर मिस्र और भारत में। विलकॉक्स सिंचाई और बांधों के विशेषज्ञ थे, जिन्होंने कई क्षेत्रों को खेती और पीने के लिए बेहतर जल आपूर्ति प्राप्त करने में मदद की।

विलियम विलकॉक्स सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक मिस्र में असवान लो डैम पर उनका काम था, जो 1902 में पूरा हुआ था। इस बांध ने नील नदी के प्रवाह को नियंत्रित करने में मदद की, यह सुनिश्चित किया कि शुष्क अवधि के दौरान कृषि के लिए पर्याप्त पानी हो और बाढ़ को रोका जा सके। यह 20वीं सदी की सबसे शुरुआती प्रमुख बांध परियोजनाओं में से एक थी। मिस्र में अपने काम के अलावा, विलकॉक्स ने भारत की सिंचाई प्रणाली में भी प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने नील नदी के डेल्टा के शीर्ष पर बैराज पर काम किया और उन्होंने मेसोपोटामिया (आधुनिक इराक) में सिंचाई परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जल प्रबंधन के बारे में उनके विचारों ने कई देशों को अधिक फसल उगाने और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में मदद की।

विलकॉक्स एक सम्मानित इंजीनियर थे, जिन्हें इंजीनियरिंग और जल प्रबंधन में उनके योगदान के लिए सम्मान मिला। उनका काम सिंचाई और बांध निर्माण में आधुनिक परियोजनाओं को प्रेरित करता रहा है। 28 जुलाई, 1932 को उनका निधन हो गया, वे जल प्रबंधन और सिविल इंजीनियरिंग में नवाचार की विरासत छोड़ गए।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भू-राजनीतिक चुनौतियां

जहां कुछ लोग स्वाभाविक रूप से भारत की आर्थिक नीतियों के आलोचक बने रहेंगे, वहीं अब यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य है कि आर्थिक उदारीकरण के उद्भव और कभी 'लाइसेंस, परमिट, कोटा राज' के रूप में पहचान रखने वाले तंत्र के खात्मे के बाद भारत की विकास दर में तेजी से वृद्धि हुई है। दुनिया भी यह मानती है कि इस बदलाव के मुख्य वास्तुकार डॉ. मनमोहन सिंह थे, जिनके योगदान को देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद और अधिक मान्यता मिली। यह भी उल्लेखनीय है कि मुक्त अर्थव्यवस्था के लिए उठाए उनके कदमों ने नई मंज़िलें तय की हैं। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को मान्यता प्राप्त है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि मौजूदा साल में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी।

बहरहाल, यह बात ज़हन में ध्यान में रखनी चाहिए कि दुनिया में इसकी हैसियत और प्रभाव काफी हद तक आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र की प्रगति से निर्धारित होगा। इन अनिवार्यताओं के परिप्रेक्ष्य में, भारत के लिए अपने निकटतम पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। इससे लाल सागर और फारस की खाड़ी से लेकर पश्चिम में मलक्का जलडमरूमध्य तक फैले क्षेत्र में सुरक्षा और शांति सुनिश्चित होगी। अब यह व्यापक रूप से सर्वविदित है कि भारत को अपनी सीमाओं से परे जिन मुख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वे चीन की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाएं और नीतियों से पैदा हुई हैं। भारत की लंबे समय से कोशिश रही है कि ईरान और अरब राज्यों सहित उस तेल संपन्न (फारस) खाड़ी क्षेत्र के साथ संबंध घनिष्ठ बने रहें, जहां पर लगभग 60 लाख भारतीय कामगार रोजी-रोटी कमा रहे हैं। एक तरफ भारत ने सऊदी अरब के साथ संबंध प्रगाढ़ किए हैं तो वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ अपने पहले से मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ किया है। राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा सऊदी अरब राजघराने को लेकर की गई असंयमित टिप्पणियों के बाद दोनों मुल्कों के बीच आई खटास को फिर से कामकाजी सौहार्द्र का रूप देने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनून बिन ज़ायद अल नाहयान ने भी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन और सउदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के बीच वार्ता में भाग लिया। कहा जाता है कि इस बैठक के सूत्रधार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल रहे। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और भारत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप देने के बाद जल्द ही इस पर मुहर लग गई। अब भारत के पास समूचे हिंद महासागरीय तटों पर, छह पड़ोसी अरब खाड़ी मुल्कों के साथ मिलकर, एक सकारात्मक और सहयोगात्मक भूमिका निभाने का मंच तैयार है।

भारत-अमेरिका संबंधों में तब काफी मजबूती आई जब अमेरिका ने फैसला किया कि हिंद महासागर में चीनी ताकत में हो रही वृद्धि को संतुलित करने में भारत उपयोगी हो सकता है और यह करने की हैसियत भी रखता है।



दोस्ती के दिखावे के बावजूद, चीन की नीतियां भारतीय प्रभाव को सीमित करने और नियंत्रित करने से बंधी हुई हैं। चीन पाकिस्तान को मिसाइलें और परमाणु हथियार देकर उसकी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने का काम जारी रखे हुए है। अफगानिस्तान की तरफ लगती भारत की पश्चिमी सीमाओं पर वह पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ सहयोग बनाते हुए काम कर रहा है। ईरान के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत के हालिया कदम, जिसमें सामरिक महत्व के चाबहार बंदरगाह का विकास कार्य भी शामिल है, यह मध्य एशिया तक भारत की आर्थिक एवं समुद्री पहुंच बनाने में मददगार तो होगा ही बल्कि इससे अफगानिस्तान तक भारत के पहुंच मार्गों में अड़चन डालने के पाकिस्तानी प्रयास भी बेकार जाएंगे।

एक समय ईरान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों पर अमेरिका ने आपत्ति जताई थी, किंतु अब लगता है कि भारत द्वारा अफगानिस्तान और ईरान को जोड़ने वाले परिवहन गलियारा परियोजना को आगे बढ़ाने में वह भी राज़ी है। महत्वपूर्ण यह भी कि इसके पूरा होने पर रावलपिंडी में बैठे पाकिस्तानी सेना के कर्ता-धर्ताओं की अफगानिस्तान, ईरान और मध्य एशिया तक भारत के पहुंच मार्ग में बाधा डालने की गुंजाइश जाती रहेगी। भारत के लिए यह बंदरगाह अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार बन जाएगा, जो आगे भारत को समुद्री, रेल और सड़क मार्ग से मध्य एशिया, रूस और अंततः यूरोप से जोड़ेगा। भारत-अमेरिका संबंधों पर साया डालने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है अमेरिकी मीडिया द्वारा भारत में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के तथाकथित उल्लंघन की निरंतर आलोचना, जाहिर है इसके पीछे अमेरिकी प्रशासन की शह है।

**जी. पार्थसारथी**

भारत उन चंद देशों में एक होगा जहां के नेतृत्व और लोगों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को उनके भारत दौरे के दौरान दोस्ताना, किंतु बेबाक पाया। भारत को भरोसा है कि दोनों देशों के बीच संबंध बढ़ेगा, चाहे आगामी राष्ट्रपति चुनाव में जीत कमला हैरिस की हो या ट्रम्प की। तथापि, अमेरिका और भारत के बीच नौवहनीय सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के साथ दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

गाजा पर इस्राइल के कब्जे और समुद्री डकैती प्रकरणों से हिंद महासागर के गहरे समुद्री भाग में बने तनाव और लूटमार की वारदातों के बाद यह एक महत्वपूर्ण घटना है। मलक्का जलडमरूमध्य से लेकर फारस की खाड़ी तक के इलाके समेत समूचे हिंद महासागरीय क्षेत्र में चीन की बढ़ती दबंगता के आलोक में अमेरिका भारत को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में लेना जारी रखे हुए है।

भारत को जनरल असीम मुनीर के मंसूबों पर कड़ी नज़र रखने की ज़रूरत है। अफ़गानिस्तान के साथ लगती अपनी सीमाओं पर जारी तनाव से निपटने में पाकिस्तान बेतरह फंसा हुआ है। इस बीच, भारत और ईरान, दोनों के अफगानिस्तान के साथ रचनात्मक संबंध बने हुए हैं, जिसमें भारत का ध्यान मुख्य रूप से आर्थिक सहयोग पर केंद्रित है, जबकि ठीक इसी वक्त पाकिस्तान को शामिल किए बिना, भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ 'पर्दे के पीछे' संवाद जारी रखे हुए है, जिससे पाकिस्तान के पास उसे बैठकों में न बुलाने को लेकर भारत को दुष्प्रचार का निशाना बनाने का मौका नहीं बचता। इसके साथ ही, अगर पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखता है, तो भारत को उचित निवारण कार्रवाई करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

जीवन मंत्र

# जीवन जीने की कला

श्री श्री रविशंकर



चुनौतीपूर्ण समय में त्याग की भावना रखिए, उसका सामना कीजिए, इस बात का बोध रखिए कि यह भी बदल जाएगा।

'जीवन जीने की कला' क्या है? वह है, जीवन के सत्य का बोध होना! और सत्य क्या है? जीवन विरोधाभासी मूल्यों से परिपूर्ण है, अच्छा समय और बुरा समय। जीवन में उतार-चढ़ाव के बावजूद अपने मन को स्थिर रखिए। चुनौतीपूर्ण समय में, त्याग की भावना रखिए, उसका सामना कीजिए, इस बात का बोध रखिए कि यह भी बदल जाएगा। अच्छे समय में सेवा का भाव रखिए और क्षमता के अनुसार सबकी सेवा कीजिए। यह है पहला सूत्र।

लोगों को, वे जैसे भी हैं, स्वीकार करें।



हम उम्मीद करते हैं कि लोग एकदम हमारे जैसे हों। क्या आपको कभी कोई ऐसा व्यक्ति मिला है, जो बिल्कुल आपके जैसा हो? अगर आपको कभी ऐसे लोग मिल भी गए, तो आप उनके साथ पांच मिनट भी बिता नहीं पाएंगे। आपका मन होगा कि वहां से भाग जाएं। इसलिए, जो व्यक्ति जैसा है, उन्हें स्वीकार करें। यह है दूसरा सूत्र। एक अन्य महत्वपूर्ण जीवन सूत्र यह है कि अपने मन को दूसरों के मंतव्यों का फुटबॉल न बनने दें। हम हमेशा सोचते हैं, 'यह व्यक्ति हमारे बारे में क्या सोचेगा?' सच्चाई तो यह है कि किसी के पास भी आपके बारे में सोचने का समय नहीं है। हर कोई अपनी खुद की दुनिया में खोया हुआ है। आप बेकार ही यह सोचकर परेशान होते हैं कि लोग आपके बारे में क्या सोचेंगे। अपनी तरफ से लोगों को पूरी छूट दे दीजिए, चाहे वे आपके बारे में कुछ भी सोचें! धारणाएं तो बदलती रहती हैं। यह तीसरा सूत्र है। अगर कोई कुछ गलती करे, तो यह मत सोचिए कि उसने ऐसा जान-बूझकर किया है। यह मानिए कि जैसे आपसे कभी कोई भूल हो जाती है, उसी तरह से दूसरे से भी हो गई है और आगे बढ़िए। यह है चौथा सूत्र। पांचवा सूत्र है वर्तमान में जीना। अगर आप भूतकाल को पकड़े बैठे रहेंगे, तो न आप खुद खुश रहेंगे और न ही किसी और को खुश कर पाएंगे। बिल्कुल एक बच्चे की तरह, वर्तमान क्षण में जिएं।

जीवन ऊर्जा

अल्फ्रेड थायर महान : जन्म- 27 सितम्बर, 1840 | जन्म

अल्फ्रेड थायर महान एक अमेरिकी नौसेना अधिकारी और इतिहासकार थे, जो नौसेना रणनीति पर अपने काम के लिए जाने जाते थे। उनकीपुस्तक, द इन्फ्लुएंस ऑफ़ सी पावरऑन हिस्ट्री, ने विश्व मामलों में नौसेना के प्रभुत्व के महत्व पर जोर दिया, जिसने 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में वैश्विक नौसेना नीतियों और रणनीतियों को प्रभावित किया। अल्फ्रेड थायर महान का जन्म 27 सितम्बर, 1840 को हुआ था और उनका निधन 1 दिसम्बर, 1914 को हुआ था।

# दृढ़ संकल्प जीत का आधार है

सैन्य सफलता में सबसे महत्वपूर्ण कारक सही निर्णय लेने की क्षमता है। शक्ति और तैयारी युद्ध जीतती है; दृढ़ता युद्ध जीतती है। युद्ध में सफलता उस समय जोखिम उठाने के साहस पर निर्भर करती है जब इसकी आवश्यकता होती है। जीत उन लोगों को मिलती है जो अवसरों को देखते हैं, जहाँ अन्य लोग बाधाओं को देखते हैं। एक राष्ट्र जो समुद्र को नियंत्रित करता है, वह अपने भाग्य को नियंत्रित करता है। शांति में, युद्ध के लिए तैयार रहें; युद्ध में, शांति के लिए तैयार रहें। नौसेना की शक्ति न केवल उसके बेड़े के आकार में, बल्कि उसके नेताओं की ताकत में भी निहित है। तैयारी अनावश्यक संघर्ष से बचने की कुंजी है। युद्ध में नेतृत्व स्पष्ट निर्णयों के बारे में है, न कि केवल संख्या के बारे में। दृढ़ संकल्प जीत का आधार है। नौसेना की ताकत एक राष्ट्र की ताकत को दर्शाती है। सच्ची शक्ति अनुकूलन और विकास की क्षमता से आती है। सफलता उन लोगों की है जो परिचित से परे जाने से नहीं डरते। नेतृत्व करने के लिए, आपको न केवल कार्य करना चाहिए, बल्कि बुद्धि और दूरदर्शिता के साथ सोचना भी चाहिए। प्रगति अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर सुधार से आती है। एक साहसी दिल और एक स्पष्ट दिमाग सभी चुनौतियों पर विजय प्राप्त करता है। नवाचार वर्चस्व बनाए रखने का रहस्य है। महान उपलब्धियों के लिए केवल प्रतिभा की नहीं, बल्कि दृढ़ता की आवश्यकता होती है। अनिश्चितता का सामना करने का साहस महानता की ओर ले जाता है। नेतृत्व के लिए दूरदर्शिता, निर्णायकता और उद्देश्य की अटूट भावना की आवश्यकता होती है। इतिहास उन लोगों द्वारा बनाया जाता है जो भाग्य की बागडोर संभालते हैं। हर तूफान के साथ आने वाले अवसरों का लाभ उठाएं। भविष्य उन लोगों का है जो एक नए रास्ते की कल्पना करने का साहस करते हैं।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# असली पुण्य हृदय से की गई सेवा है

एक दिन राजा भोज गहरी निद्रा में सोए हुए थे। उन्हें उनके स्वप्न में एक अत्यंत तेजस्वी वृद्ध पुरुष के दर्शन हुए। राजन ने उनसे पुछा- महात्मन आप कौन हैं? वृद्ध ने कहा राजन मैं सत्य हू और तुझे तेरे कार्यों का वास्तविक रूप दिखाने आया हूं। मेरे पीछे-पीछे चल आ और अपने कार्यों की वास्तविकता को देख राजा भोज उस वृद्ध के पीछे-पीछे चल दिए राजा भोज बहुत दान पुण्य यज्ञव्रत तीर्थ कथा कीर्तन करते थे। उन्होंने अनेक तालाब मंदिर कुँए बगीचे आदि भी बनवाए थे।

राजा के मन में इन कार्यों के कारण अभिमान आ गया था। वृद्ध पुरुष के रूप में आये सत्य ने राजा भोज को अपने साथ उनकी कृतियों के पास ले गए। वहाँ जैसे ही सत्य ने पेड़ों को छुआ सब एक-एक करके सूख गए। बागीचे बंज़र भूमि में बदल गए। राजा इतना देखते ही आश्चर्यचकित रह गया। फिर सत्य राजा को मंदिर ले गया। सत्य ने जैसे ही मंदिर को छुआ वह खँडहर में बदल गया।



वृद्ध पुरुष ने राजा के यज्ञ तीर्थ कथा पूजनदान आदि के लिए बने स्थानों व्यक्तियों आदि चीजों को ज्यों ही छुआ वे सब राख हो गए। राजा यह सब देखकर विक्षिप्त सा हो गया।

सत्य ने कहा राजन यश की इच्छा के लिए जो धर्म कार्य किये जाते हैं, उनसे केवल अहंकार की पुष्टि होती है। धर्म का निर्वहन नहीं सच्ची सद्भावना से निस्वार्थ होकर कर्तव्य भाव से जो कार्य किये जाते हैं। उन्हीं का फल पुण्य के रूप मिलता है और यह पुण्य फल का रहस्य है।

इतना कहकर सत्य अंतर्धान हो गए। राजा ने निद्रा टूटने पर गहरा विचार किया और सच्ची भावना से कर्म करना प्रारंभ किया, जिसके बल पर उन्हें ना सिर्फ यश-कीर्ति की प्राप्ति हुए, बल्कि उन्होंने बहुत पुण्य भी कमाया सच ही तो है। सिर्फ प्रसिद्धि और आदर पाने के नज़रिये से किया गया काम पुण्य नहीं देता।

हमने देखा है कई बार लोग सिर्फ अखबारों और न्यूज़ चैनल्स पर आने के लिए झाड़ू उठा लेते हैं या किसी गरीब बस्ती का दौरा कर लेते हैं, ऐसा करना पुण्य नहीं दे सकता असली पुण्य तो हृदय से की गयी सेवा से ही प्राप्त होता है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# लक्ष्य

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा?

पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर



दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## कविता

‘लाल्टू’

### जब शहर छोड़कर जाऊंगा

कुछ दिनों तक
कुछ लोग करेंगे याद
छोड़ी हुई किताबें रहेंगीं
कुछ दोस्तों के पास
कपड़े या बर्तन जैसी चीज़ें
छोड़ने लायक हैं नहीं
जो रह जाएँगीं फेंकी ही जाएँगीं
कुछ तो फटे पैरों के चिह्न रह ही जाएँगे
दफ्तरी सामान पर होगी दफ्तरी लोगों की मारकाट
ठीक है, मर्जी थी, जाना था,
चला गया कह कह कर
झपटेंगे वे हर स्क्रू, हर नट बोल्ट पर
यह कोई मौत तो नहीं
कि कोई रोएगा भी
वक्त भी ऐसा कि वक्त पहले जा चुका
अब पूरा ही तब होऊँगा, जब जाऊँगा यहाँ से
होगी चर्चा सबसे अधिक
मेरे अधूरेपन पर ही
जब शहर छोड़ कर जाऊँगा.



## ग़ज़ल

### कशमकश-ए-ज़िंदगी

तंग आ चुके हैं कशमकश-ए-ज़िंदगी से हम
ठुकरा न दें जहाँ को कहीं बे-दिली से हम

मायूसी-ए-मआल-ए-मोहब्बत न पूछिए
अपनों से पेश आए हैं बेगानगी से हम

लो आज हम ने तोड़ दिया रिश्ता-ए-उमीद
लो अब कभी गिला न करेंगे किसी से हम

उभरेंगे एक बार अभी दिल के वलवले
गो दब गए हैं बार-ए-ग़म-ए-ज़िंदगी से हम

गर ज़िंदगी में मिल गए फिर इत्तिफ़ाक़ से
पूछेंगे अपना हाल तिरी बेबसी से हम

अल्लाह-रे फ़रेब-ए-मशिय्यत कि आज तक
दुनिया के ज़ुल्म सहते रहे ख़ामुशी से हम






## कहानी

# बदला

अज्ञेय

अंधेरे डिब्बे में जल्दी-जल्दी सामान ठेल, गोद के आबिद को खिड़की से भीतर सीट पर पटक, बड़ी लड़की जुबैदा को चढ़ा कर सुरैया ने स्वयं भीतर घुस कर गाड़ी के चलने के साथ-साथ लम्बी सांस ले कर पाक परवर्दिगार को याद किया ही था कि उसने देखा, डिब्बे के दूसरे कोने में चादर ओढ़े जो दो आकार बैठे हुए थे, वे अपने मुसलमान भाई नहीं सिख थे! चलती गाड़ी में स्टेशन की बत्तियों से रह-रह कर जो प्रकाश की झलक पड़ती थी, उस में उसे लगा, उन सिखों की स्थिर अपलक आंखों में अमानुषी कुछ है। उन की दृष्टि जैसे उसे देखती है पर उस की काया पर रुकती नहीं, सीधी भेदती हुई चली जाती है; और तेज धार-सा एक अलगाव उन में है, जिसे कोई छू नहीं सकता, छुएगा तो कट जाएगा! रोशनी इस के लिए काफी नहीं थी, पर सुरैया ने मानो कल्पना की दृष्टि से देखा कि उन आंखों में लाल-लाल डोरे पड़े हैं, और...और...वह डर से सिहर गयी। पर गाड़ी तेज चल रही थी, अब दूसरे डिब्बे में जाना असम्भव था। कूद पड़ना एक उपाय होता, किन्तु उतनी तेज गति में बच्चे-कच्चे लेकर कूदने से किसी दूसरे यात्री द्वारा उठा कर बाहर फेंक दिया जाना क्या बहुत बदतर होगा? यह सोचती और ऊपर से झूलती हुई खतरे की चेन के हैंडिल को देखती हुई वह अनिश्चित-सी बैठ गयी...आगे स्टेशन पर देखा जाएगा...एक स्टेशन तक तो कोई खतरा नहीं हैकम से कम अभी तक तो कोई वारदात इस हिस्से हुई नहीं...

"आप कहां तक जाएंगी?"

सुरैया चौंकी। बड़ा सिख पूछ रहा था। कितनी भारी उस की आवांज थी! जो शायद दो स्टेशन के बाद उसे मार कर ट्रेन से बाहर फेंक देगा, वह यहां उसे 'आप' कह कर सम्बोधन करे, इस की विडम्बना पर वह सोचती रह गयी और उत्तर में देर हो गयी। सिख ने फिर पूछा, "आप कितनी दूर जाएंगी?"

सुरैया ने बुरका मुंह से उठा कर पीछे डाल रखा था, सहसा उसे मुंह पर खींचते हुए कहा, "इटावे जा रही हूं।"

सिख ने क्षण-भर सोच कर कहा, "साथ कोई नहीं है?"

उस तनिक-सी देर को लक्ष्य कर के सुरैया ने सोचा, 'हिसाब लगा रहा है कि कितना वंक्त मिलेगा मुझे मारने के लिए...या रब, अगले स्टेशन पर कोई और सवारियां आ जाएं...और साथ कोई जरूर बताना चाहिएउस से शायद यह डरा रहे! यद्यपि आज-कल के जमाने में वह सफर में साथ क्या जो डिब्बे में साथ न बैठे...कोई छुरा भोंक दे तो अगले स्टेशन तक बैठी रहना कि कोई आ कर खिड़की के सामने खड़ा हो कर पूछेगा, 'किसी चींज की जरूरत तो नहीं...'

उस ने कहा, "मेरे भाई हैं...दूसरे डिब्बे में..."

आबिद ने चमक कर कहा, "कहां मां? मामू तो लाहौर गये हुए हैं।..."

सुरैया ने उसे बड़ी जोर से डपट कर कहा, "चुप रह!"

थोड़ी देर बाद सिख ने फिर पूछा "इटावे में आप के अपने लोग हैं?"

"हां।"

सिख फिर चुप रहा। थोड़ी देर बाद बोला, "आप के भाई को आप के साथ बैठना चाहिए था; आज-कल के हालात में कोई अपनों से अलग बैठता है?"

सुरैया मन ही मन सोचने लगी कि कहीं कम्बख्त ताड़ तो नहीं गया कि मेरे साथ कोई नहीं है!

सिख ने मानो अपने-आप से ही कहा, "पर मुसीबत में किसी का कोई नहीं है, सब अपने ही अपने हैं..."

गाड़ी की चाल धीमी हो गयी। छोटा स्टेशन था। सुरैया असमंजस में बैठी थी कि उतरे या बैठी रहे? दो आदमी डिब्बे में और चढ़ आये सुरैया के मन ने तुरन्त कहा, 'हिन्दू' और तब वह सचमुच और भी डर गयी, और थैली-पोटली समेटने लगी।

सिख ने कहा, "आप क्या उतरेंगी?"

"सोचती हूं भाई के पास जा बैठूं..."क्या जीव है इनसान कि ऐसे मौके पर भी झूठ की टट्टी की आड़ बनाए रखता है...और कितनी झीनी आड़, क्योंकि डिब्बा बदलवाने भाई स्वयं न आता? आता कहां से, हो जब न?...

सिख ने कहा, "आप बैठी रहिये। यहां आप को कोई डर नहीं है। मैं आप को अपनी बहन समझता हूं और इन्हें अपने बच्चे...आप को अलीगढ़ तक ठीक-ठीक मैं पहुंचा दूंगा। उस से आगे खतरा भी नहीं है, और वहां से आप के भाई-बन्द भी गाड़ी में आ ही जाएंगे।"

एक हिन्दू ने कहा, "सरदारजी, जाती है तो जाने दो न, आप को क्या?"

सुरैया न सोच पायी कि सिख की बात को, और इस हिन्दू की टिप्पणी को किस अर्थ में ले, पर गाड़ी ने चल कर फैसला कर दिया। वह बैठ गयी।

हिन्दू ने पूछा, "सरदार जी, आप पंजाब से आये हो?"

"जी।"

"कहां घर है आप का?"

"शेखपुरे में था। अब यहीं समझ लीजिए..."

"यहीं? क्या मतलब?"

"जहां मैं हूं, वही घर है! रेल के डिब्बे का कोना।"

हिन्दू ने स्वर को कुछ संयत कर, जैसा गिलास में थोड़ी-सी हमदर्दी उंडेल कर सिख की ओर बढ़ाते हुए कहा, "तब तो आप शरणार्थी हैं..."

सिख ने मानो गिलास को 'जी, मैं नहीं पीता' कह कर ठेलते हुए, एक सूखी हंसी हंस कर कहा, जिसकी अनुगूंज हिन्दू महाशय के कान नहीं पकड़ सके, "जी।"

हिन्दू महाशय ने तनिक और दिलचस्पी के साथ कहा, "आप के घर के लोगों पर तो बहुत बुरी बीती होगी..."

सिख की आंखों में एक पल के अंश-भर के लिए अंगार चमक गया, पर वह इस दाने को भी चुगने न बढ़ा। चुप रहा। हिन्दू ने सुरैया की ओर देखते हुए कहा, "दिल्ली में कुछ लोग बताते थे, वहां उन्होंने क्या-क्या जुल्म किये हैं हिन्दुओं और सिक्खों पर। कैसी-कैसी बातें वे बताते थे, क्या बताऊं, जबान पर लाते शर्म आती है। औरतों को नंगा कर के..."

सिख ने अपने पास पोटली बन कर बैठे दूसरे व्यक्ति से कहा, "काका, तुम ऊपर चढ़ कर सो रहो।" स्पष्ट ही वह सिख का लड़का था, और जब उस ने आदेश पा कर उठ कर अपने सोलह-सत्रह बरस के छरहरे बदन को अंगड़ाई में सीधा कर ऊपरी बर्थ की ओर देखा, तब उस की आंखों में भी पिता की आ/खों का प्रतिबिम्ब झलक आया। वह ऊपरी बर्थ पर चढ़ कर लेट गया, नीचे सिख ने अपनी टांगें सीधी की और खिड़की से बाहर की ओर देखने लगा।

हिन्दू महाशय की बात बीच में रुक गयी थी, उन्होंने फिर आरम्भ किया, "बाप-भाइयों के सामने ही बेटियों-बहनों को नंगा कर के..."

सिख ने कहा, "बाबू साहब, हम ने जो देखा है वह आप हमीं को क्या बताएंगे..." इस बार वह अनुगूंज पहले से ही स्पष्ट थी, लेकिन हिन्दू महाशय ने अब भी नहीं सुनी। मानो शह पा कर बोले, "आप ठीक कहते हैं...हम लोग भला आप का दुःख कैसे समझ सकते हैं! हमदर्दी हम कर सकते हैं, पर हमदर्दी भी कैसी जब दर्द कितना बड़ा है यही न समझ पाएं! भला बताइए, हम कैसे पूरी तरह समझ सकते हैं कि उन सिखों के मन पर क्या बीती होगी जिन की आंखों के सामने उन की बहू-बेटियों को..."

सिख ने संयम से कांपते हुए स्वर में कहा, "बहू-बेटियां सब की होती हैं, बाबू साहब।"

हिन्दू महाशय तनिक-से अप्रतिभ हुए कि सरदार की बात का ठीक आशय उन की समझ में नहीं आ रहा। किन्तु अधिक देर तक नहीं बोले, "अब तो हिन्दू-सिख भी चेते हैं। बदला लेना बुरा है, लेकिन कहां तक कोई सहेगा! इस दिल्ली में तो उन्होंने डट कर मोर्चे लिए हैं, और कहीं कहीं तो ईंट का जवाब पत्थर से देनेवाली मसल सच्ची कर दिखाई है। सच पूछो तो इलाज ही यही है। सुना है करोलबाग में किसी मुसलमान डॉक्टर की लड़की को..."

अब की बार सिख की वाणी में कोई अनुगूंज नहीं थी, एक प्रकट और रड़कनेवाली रुखाई थी। बोला, "बाबू साहब, औरत की बेइज्जती सब के लिए शर्म की बात है। और बहिन..." यहां सिख सुरैया की ओर मुखातिब हुआ, "आप से माफी मांगता हूं कि आप को यह सुनना पड़ रहा है।"

हिन्दू महाशय ने अचकचा कर कहा, "क्या-क्या-क्या-क्या? मैंने इन से कुछ थोड़े ही कहा है?" फिर मानो अपने को कुछ संभालते हुए, और ढिठाई से कहा, "ये आप के साथ हैं?"

सिख ने और भी रुखाई से कहा, "जी। अलीगढ़ तक मैं पहुंचा रहा हूं।"

सुरैया के मन में किसी ने कहा, 'यह विचारा शरींफ आदमी अलीगढ़ जा रहा है! अलीगढ़-अलीगढ़...' उस ने साहस कर पूछा, "आप अलीगढ़ उतरेंगे?"

"हां।"

"वहां कोई हैं आप के?"

"मेरा कहां कौन है? लड़का तो मेरे साथ है।"

"वहां कैसे जा रहे है? रहेंगे?"

"नहीं, कल लौट आऊंगा।"

"तो...तंफरीहन जा रहे हैं!"

"तंफरीह!" सिख ने खोये-से स्वर में कहा, "तफरीह?" फिर संभल कर, "नहीं, हम कहीं नहीं जा रहेअभी सोच रहे हैं कि कहां जाएं और जब टिकाऊ कुछ न रहे तब चलती गाड़ी में ही कुछ सोचा जा सकता है..."

सुरैया के मन में फिर किसी ने कोंच कर कहा, 'अलीगढ़...अलीगढ़...बेचारा शरींफ है..."

उस ने कहा, "अलीगढ़...अच्छी जगह नहीं है। आप क्यों जाते हैं?"

हिन्दू महाशय ने भी कहा, जैसे किसी पागल पर तरस खा रहे हों, "भला पूछिए..."

"मुझे क्या अच्छी और क्या बुरी!"

"फिर भी आप को डर नहीं लगता? कोई छुरा ही मार दे रात में..."

सिख ने मुस्करा कर कहा, "उसे कोई नजात समझ सकता है, यह आप ने कभी सोचा है?"

"कैसी बातें करते हैं आप!"

"और क्या! मारेगा भी कौन? या मुसलमान, या हिन्दू। मुसलमान मारेगा, तो जहां घर के और सब लोग गये हैं, वहीं मैं भी जा मिलूंगा; और अगर हिन्दू मारेगा, तो सोच लूंगा कि यही कसर वाकी थीदेश में जो बीमारी फैली है वह अपने शिखर पर पहुंच गयी और अब तन्दुरुस्ती का रास्ता शुरू होगा।"

"मगर भला हिन्दू क्यों मारेगा? हिन्दू लाख बुरा हो, ऐसा काम नहीं करेगा..."

सरदार को एकाएक गुस्सा चढ़ आया; उस ने तिरस्कारपूर्वक कहा, "रहने दीजिए, बाबू साहब! अभी आप ही जैसे रस ले-ले कर दिल्ली की बातें सुना रहे थेअगर आप के पास छुरा होता और आप को अपने लिए खतरा न होता, तो आप क्याअपने साथ बैठी सवारियों को बंख्श देते? इन्हेंया मैं बीच में पड़ता तो मुझे?" हिन्दू महाशय कुछ बोलने को हुए पर हाथ के अधिकारपूर्ण इशारे से उन्हें रोकते हुए सरदार कहता गया, "अब आप सुनना ही चाहते हैं तो सुन लीजिए कान खोल कर। मुझ से आप हमदर्दी दिखाते हैं कि मैं आप का शरणार्थी हूं। हमदर्दी बड़ी चीज है, मैं अपने को निहाल समझता, अगर आप हमदर्दी देने के काबिल होते। लेकिन आप मेरा दर्द कैसे जान सकते हैं, जब आप उसी सांस में दिल्ली की बातें ऐसे बेदर्द ढंग से करते हैं? मुझ से आप हमदर्दी कर सकते होतेउतना दिल आप में होता तो जो बातें आप सुनाना चाहते हैं, उनसे शर्म के मारे आप की जबान बन्द हो गयी होतीसिर नीचा हो गया होता! औरत की बेइंज्जती औरत की बेइंज्ज्ती है, वह हिन्दू या मुसलमान की नहीं, वह इनसान की मां की बेइज्जती है। शेखपुरे में हमारे साथ जो हुआ सो हुआमगर मैं जानता हूं कि उस का मैं बदला कभी नहीं ले सकता हूं क्योंकि उसका बदला हो ही नहीं सकता। मैं बदला दे सकता हूं और वह यही, कि मेरे साथ जो हुआ है, वह और किसी के साथ न हो। इसीलिए दिल्ली और अलीगढ़ के बीच इधर और उधर लोगों को पहुंचता हूं, मैं; मेरे दिन भी कटते हैं और कुछ बदला चुका भी पाता हूं, और इसी तरह, अगर कोई किसी दिन मार देगा तो बदला पूरा हो जाएगाचाहे मुसलमान मारे, चाहे हिन्दू! मेरा मंकसद तो इतना है कि चाहे हिन्दू हो, चाहे सिख हो, चाहे मुसलमान हो, जो मैं ने देखा है वह किसी को न देखना पड़े; और मरने से पहले मेरे घर के लोगों की जो गति हुई, वह परमात्मा न करे किसी की बहू-बेटियों को देखनी पड़े।"

इस के बाद बहुत देर तक गाड़ी में बिलकुल सन्नाटा रहा। अलीगढ़ के पहले जब गाड़ी धीमी हुई, तब सुरैया ने बहुत चाहा कि सरदार से शुक्रिया के दो शब्द कह दे, पर उस के मुंह से भी बोल नहीं निकला।

सरदार ने ही आधे उठ कर ऊपर के बर्थ की ओर पुकारा, "काका, उठो, अलीगढ़ आ गये है।" फिर हिन्दू महाशय की ओर पुकारा, "काका, उठो, अलीगढ़ आ गया है।" फिर हिन्दू महाशय की ओर देख कर बोला, "बाबू साहब, कुछ कड़ी बात कह गया हूं तो मांफ करना, हम लोग तो आप की सरन हैं!"

हिन्दू महाशय की मुद्रा से स्पष्ट दीखा कि वहां वह सिख न उतर रहा होता तो स्वयं उतर कर दूसरे डिब्बे में जा बैठते।



## लघुकथा

# आदतें

सारिका भूषण

"साहब! मिसरी या गुड़ कुछ थोड़ा- सा मिलेगा क्या? आज रोटी नहीं ला पाया। घर पहुँचने में घंटा भर से ऊपर लग जाएगा।'' – ठेकेदार के जाते ही, घर की मामूली मरम्मत का काम करने आया वह दिहाड़ी मजदूर, घर के मालिक को बाहर आते देखकर बोला।

"हाँ .. हाँ . क्यों नहीं दो मिनट रुको। अभी लाता हूँ।''-रमेश बाबू उसकी धँसी हुई आँखों और सूखे होंठ से नज़रें हटाकर बोले।

दोपहर का भोजन रमेश बाबू कर चुके थे ; इसीलिए डाइनिंग टेबल पर रखे कैसरोल खाली हो चुके थे। बाई से उन्होंने आज ही फ्रिज़ की सफाई करवाई थी ; नहीं तो कुछ बासी खाना तो जरूर मिल जाता।

"चलो सत्तू ही चार चम्मच घोलकर दे देता हूँ, उस बेचारे को।" – रमेश बाबू ने नमक, मिर्च और नींबू डालकर बड़े प्यार से एक गिलास सत्तू का घोल तैयार कर दिया। उनके हाथ से स्टील का गिलास लेकर वह मजदूर एक साँस में सत्तू गटक गया। फिर एक मटमैली बोतल से अपनी तृप्त होती आत्मा को झकझोरते हुए, पानी कंठ से उतार लिया।

रमेश बाबू एकटक देखे जा रहे थे ।

"ठीक है साहब, चलता हूँ। कल सुबह 8 बजे तक आ जाऊँगा। हाँ! रोटी लेकर आऊँगा। घरवाली को भगवान ने जल्दी बुला लिया साहब! अभी आदत नहीं हुई है, उसके बिना रहने की !'' -वह मजदूर भारी आवाज़ में बोलता हुआ, हाथ जोड़कर निकल गया।

रमेश बाबू को ध्यान आया कि सत्तू के डब्बे का ढक्कन उनके हाथ में हैं। वे झटपट रसोई में गए और ढक्कन लगाकर डब्बे को ऊपर वाली शेल्फ में रखने लगे। अचानक उन्हें डब्बे पर बीवी की हाथों से लिखा हुआ धुंधला शब्द 'बेसन' दिखा और वे कुछ देर के लिए सन्न हो गए।

उनके सामने दो चेहरे थे- एक तो बेसन को सत्तू समझकर पीने वाला वह भूखा मजदूर, जिसको गरीबी की आदत लग चुकी थी और दूसरा चेहरा अपनी बीवी का, जिसको भगवान ने कुछ महीने पहले ही अपने पास बुला लिया था, जिसके बिना रहने की आदत अभी तक उन्हें नहीं लग पाई थी।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

**वृष:** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

**मिथुन:** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

**सिंह:** जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या:** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**तुला:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है।

**वृश्चिक:** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु:** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

**मकर:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे। चिंता रहेगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ:** आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीन:** रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

# रोग और ज्योतिष

मित्रों आज कुछ चर्चा ज्योतिष में रोग के उपर करते है ।काल पुरूष की कुंडली का मेडिकल साइंस (चिकित्सा विज्ञान) में प्रयोगः काल पुरूष की कुंडली में मनुष्य शरीर के सभी अंगों को 12 भावों में बांटा गया है।

इन 12 भावों में कालपुरूष की 12 राशियां ही आती हैं जिनके स्वामी ग्रह 7 ग्रह ही हैं तथा छाया ग्रहों राहु-केतु के प्रभाव भी अति महत्वपूर्ण हैं तथा साथ ही 27 नक्षत्रों का प्रभाव भी मनुष्य शरीर के सभी अंगों पर बराबर बना रहता है।

इनके स्वामी ग्रह भी ये ही 7 ग्रह हैं अर्थात् सारांश रूप से यह कह सकते हैं कि शरीर के सभी अंगों को 12 भाव/राशियां, 9 ग्रह व 27 नक्षत्र संचालित करते हैं।

यदि मेडिकल साइंस की दृष्टि से देखें तो इसमें भी शरीर के सारे अंग आ जाते हैं जिनका मेडिकल की दृष्टि से दवाई द्वारा इलाज करना है जबकि कुंडली में अंगों का ईलाज औषधि की बजाय ज्योतिष सेहोता है। इन दोनों में सामंजस्य बैठाना ही काल पुरूष की कुंडली का मेडिकल साइंस में प्रयोग करना कहते हैं।



**काल पुरूष की बारह राशियां और होने वाले संबंधित रोग**

1. मेषः सिर दर्द, मानसिक तनाव, मतिभ्रम, पागलपन, उन्माद, अनिद्रा, मुख रोग, मेरूदंड के रोग, अग्नि जनित रोग।
2. वृषः कान, नाक और दांत के रोग, खांसी, टांसिल्स, थायराइड, सायनस।
3. मिथुनः श्वांस व गले के रोग, हाथ व कंधे में फ्रैक्चर, लकवा, तंत्रिका तंत्र रोग, पक्षाघात, मिर्गी, टीबी., फेफड़ों में संक्रमण, मज्जा के रोग, अस्थमा।
4. कर्कः हृदय रोग, रक्त विकार, स्तन कैंसर (गांठ), फेफड़ों व पसलियों के रोग, खांसी, जुकाम, छाती में दर्द, ज्वर, मानसिक रोग व तनाव।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य की इलाज के दौरान हुई मौत

**बाराबंकी।** इलाज के दौरान जिला पंचायत सदस्य का निधन हो गया। इसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बाराबंकी के हैदरगढ़ प्रथम सीट से जिला पंचायत सदस्य कलावती पत्नी रामभीख निवासी खरसतिया करीब एक सप्ताह से बीमार चल रही थीं। उनका इलाज लखनऊ के सिविल अस्पताल में चल रहा था। हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर उनके मूल निवास पर लाया गया। जहां पर क्षेत्र के तमाम नेता मौके पर पहुंचे और नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। वहीं क्षेत्र के लोग हजारों की संख्या में पहुंच गए।

### राजगढ़: हाइवे प्रतिक्षालय में मिला अज्ञात युवक का शव, जांच शुरु

राजगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर करनवास थाना क्षेत्र में ग्राम भाटखेड़ी जोड़ के समीप बने प्रतिक्षालय में गुरुवार दोपहर 40 वर्षीय युवक का शव मिला। युवक कौन है, कहां का निवासी है, उसकी मौत किन हालातों में हुई, इसका खुलासा नही हो सका। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार हाइवे स्थित ग्राम भाटखेड़ी जोड़ के समीप प्रतिक्षालय में 40 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक मानसिक तौर पर बीमार था साथ ही मांग कर अपना जीवनबसर कर रहा था। युवक कहां का है और उसकी मौत किन हालातों में हुई, इसका खुलासा नही हो सका। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु की।

### छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा

लखीमपुर खीरी। छेड़छाड़ के एक मामले में पाक्सो एक्ट में दोषी पाए जाने पर न्यायालय द्वारा दो अभियुक्तों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास व सात-सात हजार रुपए के जमाने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजन पाक्सो कोर्ट के अधिवक्ता बृजेश कुमार पांडे ने गुरुवार को बताया कि निघासन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकदमा अपराध संख्या 125/2015 धारा 7/8 पाक्सो की सुनवाई के दौरान पीड़िता सहित 6 अन्य गवाहों, जिनमें महिला कांस्टेबल और विवेचन भी शामिल हैं की गवाही व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बलराम सिंह व मनोज सिंह को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों दोषियों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ 7000-7000 हजार रुपए के जुर्माने की सजा भी सुनाई है।

# हेमंत सोरेन की 1.76 लाख किसानों को बड़ी सौगात

▸▸ 400.66 करोड़ का कृषि लोन माफ

**एजेंसी । रांची।**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पौने दो लाख से अधिक किसानों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 400 करोड़ से अधिक का कृषि लोन माफ कर दिया। राजधानी रांची के प्रभाततारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने डीबीटी के जरिए राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि काला कानूनों के जरिए केंद्र सरकार किसानों का हक मारने की फिराक में थी, लेकिन किसानों ने आंदोलन के जरिए एकजुटता दिखाकर सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया था। राज्य सरकार हर समय किसानों के साथ है। उनकी आर्थिक मजबूती राज्य सरकार का लक्ष्य है और इसी दिशा में ये कदम उठाया गया है। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

### किसानों को हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा तोहफा




झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को धुर्वा के प्रभाततारा मैदान में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सीएम हेमंत सोरेन ने 400 करोड़ से अधिक की कृषि ऋण की राशि हस्तांतरित की। 1 लाख 76 हजार 977 किसानों के 400 करोड़ 66 लाख रुपए की ऋण अदायगी राशि को उन्होंने डीबीटी के जरिए हस्तांतरित कर दिया। दो लाख तक के कृषि लोन को कृषि ऋण माफी योजना के तहत माफ कर किसानों को हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है।

### ऋण माफी जुटान नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान का है महाजुटान

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची में आज ऋण माफी जुटान नहीं है, बल्कि किसानों के सम्मान का महाजुटान है। आज किसानों के ऋण माफी के लिए हम सब एकत्रित हुए हैं। हमारे राज्य में 80 फीसदी लोग गांव-देहात में निवास करते हैं, जो खेती-बाड़ी से जुड़े हुए हैं। इसी पर इनका जीवन-यापन होता है। किसानों के पास बोरा में भरकर पैसा नहीं है। बैंक बैलेंस नहीं है। कोई एटीएम कार्ड भी नहीं है। बड़ी मुश्किल से बैंक खाता खुलता भी है तो उस खाते में पैसा मेहनत-मजदूरी करके जमा करने का प्रयास किसानों का रहता है। हमारे किसानों का बैंक खेत होता है और किसानों का एटीएम उनका खलिहान होता है।

## अब खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे जीआईसी के प्रधानाचार्य

### शासन ने बनाई पदोन्नति की नियमावली

**एजेंसी । लखनऊ**

बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भी अब पदोन्नत होकर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) के प्रधानाचार्य बन सकते हैं। इसके लिए शासन से नियमावली तैयार कर दी गई है। उसे स्वीकृति के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अलावा 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन पिछले एक दशक से यह विवादित है, इसलिए पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। कई प्रवक्ता प्रधानाचार्य बनने का इंतजार करते-करते रिटायर हो गए। इन पदों को 61 प्रतिशत पुरुष और 22 प्रतिशत महिला जीआईसी प्रवक्ता से और 17 प्रतिशत डीआई की पदोन्नति से भरने का नियम है। डीआई का पद खत्म हो चुका है। बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात एसडीआई ही डीआई बनते थे। एसडीआई का पद खत्म करके बीईओ पद बनाया गया। बीईओ बनने वालों ने डीआई की तरह की पदोन्नति से जीआईसी का प्रिंसिपल बनने की मांग की थी। इसका मामला कई वर्ष से शासन लंबित था।

### शुरु हो गया नियमावली का विरोध

प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय ने बताया कि एसडीआई से डीआई बनने के बाद प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति मिलती थी, वह भी 17 प्रतिशत, अब सीधे बीईओ को इस पद पर पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा। उन्होंने बताया कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का है। इसलिए उनका प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

## राजनाथ सिंह ने धनबाद से भरी हुंकार

**एजेंसी । धनबाद**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में व्यवस्था परिवर्तन की जरूरत है। आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनाएं। चंपाई सोरेन ने क्या अपराध किया था कि उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटाया गया? यहां के सत्ताधारी दलों में लोक-लाज नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन बालू से तेल निकालने में माहिर हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में यहां के मुख्यमंत्री और मंत्री जेल जाते हैं और बाहर निकलने पर सीना तान कर घूमते रहते हैं। मुख्यमंत्री पर उन्होंने तीखे वार किए। परिवर्तन यात्रा को लेकर वे गुरुवार को धनबाद पहुंचे थे और गोल्फ ग्राउंड में परिवर्तन सभा को संबोधित कर रहे थे। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बाबूलाल मरांडी, सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

### भ्रष्टाचार पर हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसे




#### झारखंड को JMM से मुक्त कराना है

राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड में जितने भी अवैध घुसपैठिए हैं, यहां सरकार बनने पर उनकी पहचान करके उन्हें बाहर किया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा ने जैसे एक नारा देकर भारत को गुलामी से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया, वैसे ही झारखंड को JMM से मुक्त कराना है। JMM का मतलब है जमकर मलाई मारो। उन्होंने कहा कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन तो 'बालू से भी तेल' निकालने में माहिर हैं। राजनाथ सिंह ने परिवर्तन सभा में कहा कि झारखंड के आदिवासी भाइयों एवं बहनों का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन झारखंड के विकास में तीन 'स्पीड ब्रेकर' हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल।

## सीएम योगी के शहर में अब सस्ता होगा मानचित्र पास कराना

**एजेंसी । गोरखपुर**

महानगर वासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) से मानचित्र पास कराना सस्ता हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश के कुछ प्राधिकरणों ने यह नियम लागू कर दिया था। जीडीए उपाध्यक्ष आनन्द वर्द्धन ने 25 सितंबर को आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश 28 अप्रैल 2023 से लागू होगा। इस बीच जो लोग मांग पत्र के बाद पैसा जमा कर चुके होंगे, उनपर यह आदेश लागू नहीं होगा।

## गाली-गलौज व मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी । वारिसलीगंज**

थाना क्षेत्र की मोहिउद्दीनपुर पंचायत के फतहा गांव निवासी गणेश माहतो के पुत्र मिथिलेश प्रसाद के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आवेदन में कहा गया है कि वारिसलीगंज नगर पर्षद क्षेत्र के जवाहर पार्क मुहल्ला निवासी पीयूष कुमार व रेकी कुमार व फतहा गांव निवासी रविकांत सम्राट व चंदन कुमार ने बेवजह गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर बेरहमी से पिटाई कर दी। इसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं, थाना क्षेत्र की मंजौर पंचायत स्थित बलवापर गांव निवासी विपिन यादव ने गांव के ही अखिलेश यादव सहित तीन लोगों के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## अखिलेश यादव की बढ़ी मुश्किलें

▸▸ सपा में उठे बगावत के सुर,
▸▸ पार्टी ने दी चेतावनी



**भीटी (अंबेडकरनगर)।** सपा सांसद लालजी वर्मा के खिलाफ यादव समाज द्वारा मोर्चा खोलने को लेकर सपा में सियासी घमासान तेज हो गया है। बगावत का बिगुल फूंकने वाले पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को सपा के जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने कारण बताओ नोटिस जारी करने की चेतावनी दी है।पदाधिकारियों का आरोप है कि गत वर्ष अकबरपुर ब्लाक प्रमुख के चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी शारदा राजभर तथा गत माह संपन्न कटेहरी जिला पंचायत के उपचुनाव में सपा समर्थित प्रत्याशी कांती देवी को हराने में छोटे, बड़े समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने पूरी ताकत लगाई थी, लेकिन तब जिलाध्यक्ष ने किसी को नोटिस नहीं जारी किया था। जिम्मेदार पदाधिकारियों ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होकर अनुशासनहीनता किया। जिला सचिव इंद्रजीत यादव, जोन प्रभारी परशुराम यादव, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद यादव फौजी, जिला सचिव पवन यादव, राम मूरत यादव, सेक्टर प्रभारी चतुरपाल यादव ने जिलाध्यक्ष से पूछा है कि उक्त चुनावों के भितरघातियों को आखिर कब नोटिस जारी किया जाएगा।

## पिता और पत्नी को मारी गोली

**एजेंसी । सीतामढ़ी**

सीतामढ़ी के सोनबरसा प्रखंड मुख्यालय के सटे नेपाल के सर्लाही जिले के मलंगवा थाना अंतर्गत हरिपुरवा नगरपालिका वार्ड नंबर पांच में बुधवार की रात एक युवक ने पिस्टल से पिता व पत्नी पर अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें गोली लगने से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पिता गंभीर रुप से जख्मी हो गये। मृतका चित्रलेखा



यादव (23 वर्ष) हमलावर युवक धीरेंद्र यादव की पत्नी थी। उसके सिर में दो गोली लगी है। वहीं, गोली से जख्मी पिता राम दिनेश राय (54 वर्ष) की हालत नाजुक बनी हुई है। इलाज के लिए मलंगवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर युवक दोस्त के साथ बाइक से भाग निकला। सूचना मिलने पर कार्यवाहक पुलिस प्रमुख व डीएसपी दीपक श्रेष्ठ प्रहरी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। डीएसपी ने बताया कि धीरेंद्र और उसके साथ बाइक पर आये व्यक्ति की तलाश जारी है। शुरुआती जांच से पता चला है कि घटना में छोटे हथियार पिस्टल का इस्तेमाल किया गया है।

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स 85,930 और निफ्टी ने 26,250 का ऑलटाइम हाई बनाया

**एजेंसी । मुंबई**

शेयर बाजार ने 26 सितंबर को लगातार 7वें दिन ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स ने 85,930 और निफ्टी ने 26,250 का स्तर छुआ। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 666 अंक (0.78%) की तेजी के साथ 85,836 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 211 अंक (0.81%) की तेजी रही, ये 26,216 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी और 9 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो ऑटो सेक्टर के शेयर्स में सबसे ज्यादा तेजी रही।




### एशियाई बाजारों में तेजी

- ▸▸ मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स और ITC ने बाजार को सबसे ज्यादा चढ़ाया। जबकि, लार्सन एंड टुब्रो और NTPC ने बाजार को नीचे खींचा।
- ▸▸ एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 2.79% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 4.16% की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 3.61% चढ़ा।
- ▸▸ 25 सितंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.70% गिरकर 41,914 पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.043% बढ़कर 18,082 पर बंद हुआ। S&P 500 0.19% गिरा।
- ▸▸ NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 25 सितंबर को 973.94 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 1,778.99 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी दर कम करने की तैयारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

स्वास्थ्य और जीवन बीमा धारकों को महंगी पॉलिसी से दिसंबर तक राहत मिल सकती है। नवंबर में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर जीएसटी की दरों को कम किए जाने की तैयारी है। इसको लेकर 19 अक्टूबर को मंत्री समूह की बैठक होगी, जिसमें विस्तार से चर्चा होनी है। उधर,अन्य वस्तुओं से जुड़े जीएसटी स्लैब में भी परिवर्तन किए जाने पर विचार किया जा रहा है। कई वस्तुओं पर जीएसटी की दर को 12 से घटाकर पांच फीसदी किया जा सकता है।

### जीएसटी दरों में सुधार की कवायद भी तेज




जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने के दिशा में भी मंत्री समूह काम कर रहा है, जिसकी बैठक 20 अक्टूबर को होनी है। इस बैठक में कई वस्तुओं पर जीएसटी की दर को 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी किया जा सकता है। संभावना जताई जा रही है कि दोपहिया वाहन, बोतल बंद पानी समेत कई अहम वस्तुओं पर जीएसटी की दर को कम किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ऐसी करीब 100 वस्तुओं पर जीएसटी की दर को कम किया जा सकता है तो वहीं, कुछ वस्तुओं पर जीएसटी की दर को बढ़ाया भी जा सकता है। क्योंकि केंद्र और राज्य सरकार राजस्व को बनाए रखने पर भी सहमत हैं। हेयर ड्रायर्स और सौंदर्य से जुड़े उत्पादों पर जीएसटी की दर को 28 फीसदी की जा सकती है। यह मंत्री जीएसटी की दरों के स्लैब में परिवर्तन करने का भी सुझाव रख सकता है। मौजूदा समय में भारत के अंदर जीएसटी के चार स्लैब 5, 12, 18 और 28 फीसदी के हैं।

### जीएसटी से जुड़े दो मामलों पर विचार

जीएसटी से जुड़े दो मामलों पर मंत्री समूह विचार कर रहा है। इसमें एक मामला स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी का भी है, जिसको लेकर तमाम विपक्षी दलों समेत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तक ने आपत्ति उठाई थी। परिषद की पिछली बैठक में जीएसटी दरों को कम करने के संबंध में कोई सहमति नहीं बन पाई थी, जिसके बाद मामले को मंत्री समूह के पास भेज दिया गया। इस मामले में स्पष्ट रिपोर्ट देने के लिए गठित 13 सदस्यीय मंत्री समूह अब विचार करेगा। समूह के संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं। बताया जा रहा है कि 19 अक्टूबर की बैठक में पांच फीसदी जीएसटी लिए जाने पर सहमति बन सकती है। 30 अक्टूबर तक समूह अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंपेगा। उसके बाद नवंबर की बैठक में फैसला लिया जाएगा। ध्यान रहे कि जीएसटी परिषद की बैठक में कुछ राज्य स्वास्थ्य और जीवन और जीवन बीमा से पूरी तरह से जीएसटी हटाने की मांग कर रहे है। ऐसे राज्यों का तर्क था कि व्यक्ति आपात स्थिति और परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिए बीमा कराता है। इसलिए ऐसे बीमा को राजस्व संग्रह का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। वहीं, कुछ राज्य पूरी तरह से जीएसटी को हटाने के पक्ष में नहीं थे।

▸▸ अन्य वस्तुओं पर भी जीएसटी की दरों में कटौती संभव
▸▸ 19 व 20 अक्टूबर को होगी मंत्री समूह की बैठक

## रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83.64 प्रति डॉलर पर

**एजेंसी । मुंबई**

विदेशी कोषों की सतत निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83.64 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती के रुख ने रुपये की गिरावट को सीमित



कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मामूली कमजोरी के साथ 83.66 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 13 पैसे की गिरावट के साथ 83.71 प्रति डॉलर के स्तर तक नीचे चला गया।

## सोना 78,250 रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख तथा आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने में लगातार दूसरे दिन भी रिकॉर्ड तेजी रही। सोना 400 रुपए की तेजी के साथ 78,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मजबूत विदेशी रुख के बीच औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की मजबूत मांग के कारण चांदी भी 1,000 रुपए बढ़कर



94,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मांग में तेजी के साथ-साथ मजबूत वैश्विक रुख से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। प्रमुख पश्चिमी केंद्रीय बैंकरों की आसान मौद्रिक नीति और पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के बारे में बढ़ती चिंताओं ने सोने में हाल ही में तेजी का रुख देखने को मिला है।

## यार्न व्यापार क्षेत्र की उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. जय कृष्ण पाठक हुए सम्मानित

**एजेंसी । मुंबई**



गुजरात के गिफ्ट सिटी में 20 सितंबर, आयोजित गेम चेंजर्स 2024 ,समारोह में यार्न के व्यापार उद्योग क्षेत्र की उत्कृष्ट सेवा करने के लिए डॉ। जयकृष्ण पाठक को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के हाथों से विशिष्ट पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ। जय कृष्ण डी। पाठक इस समय मुंबई यार्न मर्चेंट्स एसोसिएशन एंड एक्सचेंज लिमिटेड के प्रमुख और दी फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस ऑफ महाराष्ट्र फॉम के उपाध्यक्ष हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री का जय कृष्ण पाठक ने टेक्सटाइल उद्योग की कुछ समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित किया और गेम चेंजर कदमों का सुझाव दिया था।

## बजट-पूर्व बैठक 10 अक्तूबर से

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय अगले वित्त वर्ष के लिए अपनी समीक्षा बैठकों का दौर 10 अक्तूबर से शुरू करेगा। वित्त मंत्रालय इस दौरान छह मंत्रालयों एवं विभागों की बजट-पूर्व समीक्षा करेगा। इनमें नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भी शामिल होंगे। इन समीक्षा बैठकों का सिलसिला 11 नवंबर तक चलेगा। इसका समापन रेल मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की समीक्षा के साथ होगा। इस दौरान अगले वित्त वर्ष के लिए बजट




आवंटन को तय करने के साथ चालू वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमानों को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार तेज करने से जुड़े सुधारों और रोजगार सृजन एवं मांग बढ़ाने के लिए जरूरी कदमों पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मुकाबला आज से

# भारत की निगाह क्लीन स्वीप पर



**एजेंसी । कानपुर**

टीम इंडिया आज से ग्रीन पार्क में शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मुकाबले को जीतकर सीरीज क्लीन स्वीप करने उतरेगी। साथ ही घर में पिछले 12 साल से सीरीज न हराने का अपना सिलसिला भी जारी रखना चाहेगी। कप्तान रोहित और कोहली से टीम को बड़ी पारी की उम्मीद होगी। इन दोनों का बल्ला अभी तक खामोश रहा है। बारिश पहले दिन के खेल का मजा किरकिरा कर सकती है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश की भविष्यवाणी की है। गुरुवार को भी बारिश हुई।

### शर्मा-विराट ने बहाया पसीना

चेन्नई में पहले टेस्ट में अश्विन के अलावा दूसरी पारी में गिल और पंत ने शतक जड़े थे। इससे टीम बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही थी। लेकिन रोहित दोनों पारियों में दोहरे अंक तक भी पहुंचे। वह अब तक इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक अर्धशतक नहीं जड़ पाए हैं। वहीं विराट भी कोई कमाल नहीं कर पाए हैं। भारत का टेस्ट क्रिकेट में आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। ऐसे में रोहित और कोहली लय में लौटने को बेताब होंगे। अभ्यास सत्र के दौरान दोनों ने नेट पर सबसे अधिक पसीना बहाया।

# शाकिब का टेस्ट से संन्यास

## ▪ अगले महीने खेलेंगे अंतिम मैच

### रिकॉर्ड

- 200 टेस्ट विकेट लेने वाले बांग्लादेश के एकमात्र गेंदबाज। उन्होंने 2.96 की इकोनॉमी से 242 विकेट लिए हैं
- 45 सौ या उससे अधिक रन टेस्ट में बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी। मुशफिकुर (5913) और तमीम (5134) ही उनसे आगे हैं
- 25 सौ से ज्यादा रन टी-20 में बनाने और 13 अर्धशतक जड़ने वाले अपने देश के इकलौते खिलाड़ी
- 149 विकेट टी-20 में लेने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज। साउदी (164) और राशिद (152) ही आगे हैं

> 'मैंने अपने क्रिकेट बोर्ड के सामने मीरपुर में अंतिम टेस्ट मैच खेलने की इच्छा जताई थी। वह इस पर सहमत थे। अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट मेरा अंतिम मैच होगा।'
>
> -शाकिब अल हसन

**एजेंसी । कानपुर**

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने गुरुवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट विदेशी सरजमीं में उनका अंतिम मैच होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्तूबर में ढाका में होने वाला टेस्ट उनके करियर का अंतिम मुकाबला होगा।

**हसन के प्रदर्शन पर एक नजर**

| प्रारूप | मैच | रन | औसत | 50/100 | विकेट | 5 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 70 | 4600 | 38.33 | 31/05 | 246 | 19 |
| वनडे | 247 | 7570 | 37.29 | 56/09 | 317 | 04 |
| टी-20 | 129 | 2551 | 23.19 | 13/00 | 149 | 02 |



### सबसे तेज 4000 हजारी और 200 विकेट लेने वाले

शाकिब टेस्ट में सबसे तेज चार हजार रन (59 मैच में) बनाने और 200 विकेट लेने वाले क्रिकेटर हैं। वह अपने देश के एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्होंने टेस्ट में 4500 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही 200 से ज्यादा विकेट भी लिए हैं। वहीं यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के छठे खिलाड़ी।

### खेल चुके हैं अंतिम टी-20

शाकिब ने कहा कि वह अपना अंतिम टी-20 भी खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैंने जून में टी-20 विश्व कप में अपना अंतिम मैच खेल लिया है। हमने चयनकर्ताओं के साथ चर्चा की। 2026 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मेरे लिए संन्यास लेने का यह सही समय है। उम्मीद है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड कुछ अच्छे खिलाड़ियों को ढूंढने में सफल रहेगा और हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### वनडे खेलेंगे

37 वर्षीय इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह अभी वनडे खेलते रहेंगे। अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट होगा।

### एकमात्र क्रिकेटर

शाकिब टी-20 में दो हजार से ज्यादा रन बनाने के साथ ही सौ या उससे अधिक विकेट लेने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने 6.81 की इकोनॉमी से 149 विकेट लेने के साथ ही 121.18 की स्ट्राइकरेट से 25 सौ से अधिक रन भी बनाए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करूंगा : मार्कराम

**एजेंसी । बेंगलुरु**



दक्षिण अफ्रीका के टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान एडेन मार्कराम ने कहा है कि उन्होंने युवा खिलाड़ियों को दीर्घकालिक संभावनाओं के रूप में तैयार करने को प्राथमिकता दी है। मुश्किल शुरुआत के बावजूद वे अपनी अगुआई में नई पीढ़ी को लेकर उत्साहित हैं। मार्कराम को 2024 टी-20 विश्व कप से पहले कप्तान नियुक्त किया गया था। उनकी टीम को जून में भारत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। फिर उनकी टीम वेस्टइंडीज से तीन टी-20 मैचों की सीरीज भी हार गई। मार्कराम ने शुक्रवार से संयुक्त अरब अमिरात (यूएई) में आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही सीरीज से पहले एक कार्यक्रम में कहा, मैं वास्तव में उनका (खिलाड़ियों) का समर्थन करने, प्रशिक्षण में उनकी मदद करने और हर जरूरी मदद के लिए तैयार हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे पास युवा खिलाड़ियों की तुलना में थोड़ा अधिक अनुभव है।

# भारत की अंडर-20 फुटबॉल टीम आज ईरान से भिड़ेगी



**एजेंसी । विएंतियाने**

भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने गुरुवार को कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है।

# एक सेट गंवाने के बाद सिनेर ने दर्ज की जीत

**एजेंसी । बीजिंग**



दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनेर ने गुरुवार को चीन ओपन में जीत के साथ आगाज किया। यूएस ओपन चैंपियन सिनेर ने पहला सेट गंवाने के बाद निकोलस जैरी को 4-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया। यह उनकी लगातार 12वीं जीत है। पिछले 52 हफ्तों में सिनेर ने 76 मैच जीते हैं जबकि छह मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। एड्रियन मनारिनो ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लोरेंजो सोनेगो को 1-6, 6-2, 6-3 से हराकर टूर पर 300वीं जीत दर्ज की। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय कार्लोस अल्काराज ने 51वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के जियोवानी एमपेटशी पेरिकार्ड को हराया था। टेलर फ्रिट्ज को दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के आर्थर फिल्स ने 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया। स्टेफानोस सितसिपास को अमेरिका के एलेक्स मिकेलसन ने 4-6, 6-1, 6-2 से हराया। गत चैंपियन बेन शेल्टन ने पहला सेट गंवाने के बाद रिली ओपल्का को 3-6, 6-1, 6-4 से मात दी। महिला एकल के पहले दौर में कैमिला राखिमोवा, जेना फेट, कैमिला ओसोरियो, एलिसाबेटा कोसियारेटो और नादिया पोदोरोस्का ने जीत दर्ज की।

# आयुष को हराकर श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी । मकाऊ**




किदांबी श्रीकांत और गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने गुरुवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल का टिकट कटा लिया। मई में लगी चोट से उबरने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे श्रीकांता ने हमवतन आयुष शेट्टी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-18 से पराजित किया। अब श्रीकांत का सामना दूसरे वरीय हांगकांग के नाग का लांग एंगस से होगा। दोनों ने अब तक आठ मुकाबले खेले हैं और चार-चार जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त गायत्री और त्रिशा की जोड़ी ने ताइवान की टेंग चुन हसुन और लिन चिह-चुन की जोड़ी को 38 मिनट तक चले मुकाबले में 22-20, 21-11 से मात दी। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी मात्र 34 मिनट में मलेशिया के वोंग टिएन और लिम चिउ सिएन की जोड़ी से 17-21, 14-21 से हार गई।

### मीर का सफर थमा



महिला एकल में तस्नीम मीर का सफर जापान की चौथी वरीय तोमोका मियाजाकी के हाथों संघर्षपूर्ण हार के साथ थम गया। मीर को 52 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-13, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# माधुरी दीक्षित के साथ नजर आएंगी तृप्ति डिमरी



इन दिनों अभिनेत्री तृप्ति डिमरी खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों न, उनके पास एक से बढ़कर एक फिल्मों के प्रस्ताव जो आ रहे हैं। जल्द ही वह कई चर्चित फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। 'एनिमल' के बाद से तृप्ति स्टारडम के रथ पर सवार हैं और अब एक और फिल्म उनके हाथ लग गई है। खास बात यह है कि इस फिल्म में उन्हें बॉलीवुड की धक-धक गर्ल रहीं माधुरी दीक्षित का साथ मिला है।

### अगले साल शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्देशक सुरेश त्रिवेणी इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालने वाले हैं, जिन्होंने विद्या बालन की फिल्म 'तुम्हारी सुलु' और 'जलसा' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया था। अगले साल मार्च-अप्रैल में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी भले ही सामने नहीं आई है, लेकिन 90 के दशक की लोकप्रिय अदाकारा माधुरी और आज की पीढ़ी की अभिनेत्री तृप्ति की जुगलबंदी देखना बेहद दिलचस्प होगा।

### मां-बेटी की भूमिका में होंगी माधुरी-तृप्ति

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह फिल्म मुख्य रूप से 3 किरदारों पर केंद्रित होगी। फिल्म के लिए हीरो का चयन करना अभी बाकी है। माधुरी फिल्म में मां तो तृप्ति उनकी बेटी की भूमिका में होंगी। फिल्म कॉमेडी, एक्शन, रोमांच और ड्रामा से लबरेज होगी। खास बात यह है कि माधुरी और तृप्ति को फिल्म 'भूल भुलैया 3' में भी साथ देखा जाएगा। हालांकि, इस फिल्म में माधुरी का कैमियो होगा।



# प्रभास की 'स्पिरिट' से जुड़े सैफ अली खान और करीना कपूर

पिछले लंबे समय से पैन इंडिया स्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। 'एनिमल' और 'अर्जुन रेड्डी' जैसी धमाकेदार फिल्मों का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि सैफ अली खान और करीना कपूर फिल्म 'स्पिरिट' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह जोड़ी फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आने वाली है।



### इन फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं सैफ और करीना

रिपोर्ट के मुताबिक, 'स्पिरिट' में खलनायक का किरदार निभाने के लिए निर्माताओं ने सैफ-करीना से संपर्क किया है। कहा जा रहा है कि दोनों को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और इसके लिए उन्होंने हामी भर दी है। दोनों जल्द अपने हिस्से की शूटिंग शुरू करेंगे। सैफ और करीना अब तक 'LOC कारगिल', 'ओमकारा', 'टशन', 'कुर्बान' और 'एजेंट विनोद' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। 'स्पिरिट' दोनों की साथ में छठी फिल्म होगी।

### तृषा कृष्णन बनीं प्रभास की जोड़ीदार



एक्शन थ्रिलर कही जाने वाली इस फिल्म में प्रभास डबल रोल में होंगे। उनकी एक भूमिका हीरो की तो एक खलनायक की होगी। अगर ये खबर सच हुई तो ऐसा पहली बार होगा, जब प्रभास अपने करियर में नकारात्मक भूमिका निभाएंगे। फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'स्पिरिट' में प्रभास की जोड़ी तृषा कृष्णन के साथ बनी है। इससे पहले तृषा ने 'वर्षम' और 'पूर्णिमा' में प्रभास के साथ काम किया है।

# देव आनंद को याद कर भावुक हुईं हेमा मालिनी

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता देव आनंद भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, मगर अपनी बेहतरीन फिल्मों के जरिए वो हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। 'जिद्दी', 'नौ दो ग्यारह', 'जॉनी मेरा नाम', 'हरे कृष्णा हरे राम' जैसी बेहतरीन फिल्मों के जरिए लोगों को अपना कायल बनाने वाले देव आनंद की 26 सितंबर को 101वीं जयंती थी। इस मौके पर दिग्गज अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने उन्हें याद किया है।



### हेमा को इस नाम से बुलाते थे आनंद

हेमा ने सोशल मीडिया पर आनंद संग अपनी कुछ अनदेखी तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने लिखा, 'मेरे पास देव साहब की बहुत प्यारी यादें हैं। वह मेरी दूसरी फिल्म के हीरो थे। उस दौरान में इंडस्ट्री में नई थी। चीजें सीख रही थी, लेकिन उनका व्यवहार एक दोस्त जैसा रहा। जब वो मेरे आसपास होते थे तो मैं उदास नहीं होती थी। वह मुझे 'हेमा' कहा करते थे। उनका यह शब्द कानों में गूंजता है। उनकी कमी महसूस होती है।'





# ओटीटी पर 'सरफिरा'

अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' को 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 80 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 22.13 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'सरफिरा' अपनी OTT रिलीज को तैयार है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे OTT पर देख सकते हैं। 'सरफिरा' का प्रीमियर OTT प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने जा रहा है। इस फिल्म को आप 11 अक्टूबर, 2024 से देख सकते हैं। अक्षय ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, 'अपने सपनों को पूरा करने के लिए 'सरफिरा' होना पड़ता है। 'सरफिरा' में एक आम आदमी के सपनों को उड़ान भरते हुए देखें।'

# अनुष्का सेन ने रचा इतिहास

अनुष्का सेन का नाम टीवी जगत की उन अभिनेत्रियों में शामिल है, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में इंडस्ट्री में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। अब अनुष्का ने महज 22 साल की उम्र में इतिहास रच दिया है। दरअसल, अनुष्का न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में लाइव परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बन गई हैं। अनुष्का ने हाल ही में न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर में मंच पर लाइव परफॉर्म किया है और वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

### इन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं अनुष्का

अनुष्का ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में आया टीवी शो 'यहां मैं घर घर खेली' के जरिए की थी। इसके बाद वह 'देवों के देव...महादेव', 'बालवीर', 'झांसी की रानी' और 'अपना टाइम भी आएगा' जैसे धारावाहिकों में नजर आईं। अनुष्का रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 11वें सीजन में भी दिखाई दे चुकी हैं। अनुष्का ने 'क्रेजी कुक्कड़ फैमिली', 'लिहाफ : द क्विल्ट' और 'सम्मादिथि' जैसी फिल्मों में भी काम किया है।



दो बजे दोपहर



न्यूज ब्रीफ

### धूल मुक्त दिल्ली अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** राजधानी में उपराज्यपाल के निर्देश के बाद 'धूल मुक्त दिल्ली अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत एमसीडी ने 24 और 25 सितंबर को सड़कों से 1653.73 मिट्रिक टन गाद और कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलीशन वेस्ट यानी मलबे को हटाया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 20 सितंबर को दिल्ली में वायु प्रदूषण का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी। इसमें उन्होंने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अग्रिम तैयारियों पर जोर दिया था।

### दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोएशन चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के बाद अब सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) में महिलाओं को आरक्षण देने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने डीएचसीबीए को अपने कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद को महिलाओं के लिए आरक्षित करने का आदेश दिया है।

### उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश

**देहरादून।** उत्तराखंड के कई इलाकों में गुरुवार सुबह भारी बारिश हुई। इससे धर्मगंगा समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया। उफान पर आई धर्मगंगा ने वहां चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों को तहस-नहस कर दिया। धर्मगंगा टिहरी गढ़वाल जिले के बूढ़ा केदार इलाके में बहती है। इस इलाके में जुलाई में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। घनसाली की उपमंडल मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह ने बताया कि जुलाई में आई आपदा के बाद धर्मगंगा के किनारों पर शुरू किए गए मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य उफनती नदी के कारण काफी हद तक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, एक खुदाई करने वाली मशीन क्षतिग्रस्त हो गई।

### दिल्ली भाजपा की रणनीति को धार देगा संघ

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा के सत्ता के 26 साल के सूखे को खत्म करने के लिए अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भाजपा की मदद के लिए आगे आया है। राजस्थान के रणथंभौर में होने वाली दिल्ली भाजपा की चिंतन बैठक में संघ के बड़े पदाधिकारियों के मौजूद रहने की संभावना है। दिल्ली में तमाम प्रयोगों एवं लोकसभा में भारी जीत के बावजूद भाजपा विधानसभा में ढाई दशक से मात खा रही है। अब उसके हाथ से नगर निगम भी निकल गई है।

### हथियार और भारी गोला-बारूद बरामद

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन, एक .32 पिस्तौल, एक 9 मिमी की पिस्तौल, एक 51 एमएम पैरा बम, चार हैंड ग्रेनेड, दो इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 125 ग्राम के पांच विस्फोटक, गोला-बारूद, एक स्टन ग्रेनेड, एक स्टिंग ग्रेनेड और दो 38 एमएम रबर की गोलियां भी बरामद की हैं।

# हिमाचल प्रदेश में नेमप्लेट पर सियासी बवाल

## कांग्रेस के कई नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात की

### राजीव शुक्ला बोले-इसका यूपी से कोई लेना देना नहीं, सरकार लाइसेंस देगी

एजेंसी । शिमला

हिमाचल प्रदेश में दुकानदारों को नेमप्लेट लगाने के फरमान को लेकर कांग्रेस में विवाद बढ़ गया है। पार्टी हाईकमान ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए अपनी नाराजगी जताई है। इसके बाद वरिष्ठ नेता और प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि इस मुद्दे का उत्तर प्रदेश से कोई लेना देना नहीं है। इस बीच, कई पार्टी नेताओं ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात की है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह के नेमप्लेट को लेकर दिए बयान के फौरन बाद पार्टी हाईकमान हरकत में आ गया। पार्टी हाईकमान ने प्रदेश प्रभारी के जरिए प्रदेश सरकार को साफ संदेश पहुंचा दिया है।



**कोई नेमप्लेट नहीं लगानी**

वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में किसी दुकानदार को कोई नेमप्लेट नहीं लगानी है। ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक सर्वदलीय समिति बनाई है। यह समिति रेहड़ी पटरी लगाने वालों से आवश्यक दस्तावेज लेकर उन्हें लाइसेंस देगी।

**विक्रमादित्य ने दी अपने बयान पर सफाई**

हिमाचल सरकार में शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी इस मुद्दे पर अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश से कोई ताल्लुक नहीं है। प्रदेश में धार्मिक सद्भाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाना हमारा दायित्व है। एक सर्वदलीय कमेटी भी बनाई गई है, ताकि व्यापार मंडलों व रेहड़ी-पटरी वालों की बातों को भी सुना जाए। यह सिर्फ हिमाचल प्रदेश के लोगों के हितों के लिए है।

### केंद्र सरकार ने रोजगार को व्यवस्थित रूप से खत्म किया : राहुल गांधी

एजेंसी । करनाल/हिसार



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता केंद्र पर देश में रोजगार व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने असंध और बरवाला में रैली की। करनाल के असंध में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। टिकट बंटवारे में अनदेखी और हुड्डा समर्थकों के कथित जातिसूचक शब्द कहे जाने के चलते सैलजा की नाराजगी की खबरों के बीच रैली में दोनों मंच साझा करते दिखे। राहुल गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा,हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

**किसानों का हक छीना जा रहा**

राहुल गांधी ने कहा कि यहां किसानों से उनका हक छीना जाता है। आपको अपनी फसलों का सही दाम मिलता है। अरे ये पैसा किसी न किसी की जेब में तो जा रहा है। ये सिर्फ अडानी और अंबानी की जेबों में जा रहा है। मैं नहीं चाहता हूं कि हरियाणा के बच्चों को रोना पड़े। मैं ऐसा हरियाणा नहीं चाहता हूं, मैं ऐसा नहीं चलने दूंगा।

### पाक में शिया-सुन्नी समुदाय के बीच खूनी संघर्ष में 36 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के कबायली इलाके कुर्रम में भूमि विवाद को लेकर शिया-सुन्नी समुदाय के लोगों में खूनी संघर्ष हुआ। अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी



है और 80 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक होने का दावा किया है। बीते सप्ताह शनिवार को शुरू हुई हिंसा गुरुवार को छठे दिन भी जारी रही। जिससे छह और लोगों की मौत हो गई और दस घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्ष छोटे-बड़े हथियारों से एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं। तनाव के चलते पाराचिनार-पेशावर मुख्य सड़क और पाक-अफगान खारलाची सीमा बंद हो गई है। इससे भोजन, ईंधन और दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित है।

# धनशोधन मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव और अन्य की संपत्ति कुर्क

एजेंसी । लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव और कुछ अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत उनकी संपत्तियां कुर्क की हैं। जांच एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि मामले में एल्विश से संबंध के आधार पर हरियाणा के गायक राहुल यादव उर्फ राहुल फाजिलपुरिया से भी पूछताछ की गई है। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि इस प्रकरण में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। एल्विश से केंद्रीय एजेंसी ने उसके द्वारा आयोजित पार्टियों में मादक पदार्थ के रूप में सांप के जहर के उपयोग और इस माध्यम से जुटाए गए पैसों को लेकर पूछताछ की गई है। एजेंसी ने गौतम बुद्ध नगर जिला पुलिस द्वारा एल्विश और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद मई में मामला दर्ज किया था। इसमें एल्विश के खिलाफ पीएमएलए के तहत आरोप लगाए गए थे। एल्विश और उसके साथी अपराध के जरिये धन अर्जित करने और रेव या मनोरंजक पार्टियों के आयोजन के लिए अवैध धन का उपयोग करने के आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में हैं।

**हरियाणा के गायक राहुल फाजिलपुरिया से हुई पूछताछ**



**नशे के लिए सांप का जहर इस्तेमाल किया**

नोएडा पुलिस ने 17 मार्च को एल्विश को उसके द्वारा आयोजित की गई पार्टियों में मादक पदार्थ के रूप में सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता रहे यूट्यूबर एल्विश पर नोएडा पुलिस ने स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

**छह लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

एल्विश उन छह लोगों में शामिल है जिनके नाम पशु अधिकारों के लिए काम करने वाले एनजीओ पीपुल फॉर एनिमल्स (पीएफए) के एक प्रतिनिधि की शिकायत पर पिछले साल तीन नवंबर को नोएडा के सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में शामिल थे। पांच अन्य आरोपी सपेरे थे। उन्हें नवंबर में गिरफ्तार किया गया था और बाद में स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी थी।

बेंगलुरु महालक्ष्मी मर्डर केस

## मुख्य आरोपी ने किया सुसाइड

एजेंसी । भद्रक/बेंगलुरु

बेंगलुरु के महालक्ष्मी मर्डर केस के मुख्य आरोपी ने ओडिशा के भद्रक जिले के गांव में बुधवार दोपहर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव एक पेड़ पर लटकता मिला। उसकी बाइक भी वहीं खड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम मुक्तिरंजन रॉय है। उसके पास से एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें उसने महालक्ष्मी के मर्डर की बात कबूली है।

**रिलेशनशिप में थे महालक्ष्मी और रंजन**



महालक्ष्मी और रंजन साल 2023 एक-दूसरे जानते थे और रिलेशनशिप में थे। दोनों एक ही मॉल में काम करते थे। 20 सितंबर को बेंगलुरु के व्यालिकावल इलाके में बसप्पा गार्डन के पास बने तीन मंजिला मकान में 29 साल की महालक्ष्मी की लाश मिली थी। उसके शव के 59 टुकड़े कर फ्रिज में रखे गए थे। महालक्ष्मी मल्लेश्वरम में एक कॉस्ट्यूम आउटलेट में टीम लीडर थी।

### पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में SC ने दी जमानत

**चेन्नई।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी को जमानत दे दी है। सेंथिल को पिछले साल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जमानत के लिए कड़ी शर्तें लगाई हैं। बेंच ने कहा- आठ महीने से ज्यादा समय से हिरासत में है, इसलिए विशेष अदालत को समय सीमा के भीतर मामले का निपटारा करने का निर्देश देना सही होगा। बालाजी को पिछले साल 14 जून को ईडी ने कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े केस में गिरफ्तार किया था। उस वक्त बालाजी एआईएडीएमके सरकार में परिवहन मंत्री थे। ईडी ने 12 अगस्त 2023 को बालाजी के खिलाफ 3,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। 19 अक्टूबर 2023 को, हाईकोर्ट ने बालाजी की पिछली जमानत याचिका खारिज कर दी थी। एक लोकल कोर्ट भी उनकी जमानत याचिकाओं को तीन बार खारिज कर चुकी है।



# राजनाथ सिंह ने किया मासिक पत्रिका का विमोचन

एजेंसी । नई दिल्ली

एडवोकेट विनय कुमार दुबे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर हिंद पुलिस को समर्पित "तेजस भारत" मासिक पत्रिका का विमोचन किया और देश समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एडवोकेट इस मासिक पत्रिका के राष्ट्रीय विधि सलाहकार हैं। इस अवसर पर लखनऊ से पत्रिका के संपादक हिमांशु राय व प्रधान संपादक अखिलेश श्रीवास्तव जी मौजूद रहें। बता दें कि दुबे मुंबई शहर में मशहूर वकील और कई लॉ फर्म के मालिक होने के साथ-साथ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय - भारत सरकार में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं। इस अवसर पर दुबे ने कहा कि यह पत्रिका भले ही लखनऊ से प्रकाशित होगी किंतु यह संपूर्ण देश भर में कार्यरत पुलिस व सेना के अधिकारियों पर समर्पित होगी और उनके कार्यों का ब्योरा होगा।



## बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां हटाने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (26 सितंबर) को बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में गुजरात सरकार ने मांग की थी कि इस केस में दोषियों की रिहाई से जुड़े आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की थीं उन्हें हटा दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उसके परिवार की हत्या के दोषी 11 लोगों की समयपूर्व रिहाई को खारिज कर दिया था। फैसला सुनाते वक्त जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है।

## सीएम सिद्धारमैया इस्तीफे के सवाल पर भड़के

एजेंसी । बेंगलुरु



कर्नाटक CM सिद्धारमैया गुरुवार को एक रिपोर्टर पर भड़क गए। रिपोर्टर ने उनसे पूछा था कि इस्तीफा कब दे रहे हैं। सिद्धारमैया ने रिपोर्टर का माइक झटक दिया और कहा कि जब जरूरत होगी, तब कॉल करके बता दूंगा। विपक्ष की मांग है कि सिद्धारमैया CM की कुर्सी छोड़ दें। इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को भाजपा और जनता दल सेक्युलर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, सिद्धारमैया मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) घोटाले में जांच के दायरे में आ चुके हैं। कर्नाटक गवर्नर थावर चंद गहलोत ने इस घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे। सिद्धारमैया इसके खिलाफ हाईकोर्ट गए, लेकिन अदालत ने भी कहा कि जांच का आदेश सही है, ये होनी चाहिए।

**सर्वे रिपोर्ट** | अधिक आय वर्ग के कारोबारी ने अदालत के बाहर मामले सुलझाने के बारे में दिखे कम उत्साहित

# विवादों को सुलझाने के बजाए उलझा देती है दिल्ली, हरियाणा और गुजरात की पुलिस

एजेंसी । नई दिल्ली

जब कोई व्यक्ति किसी विवाद में फंसता है तो वह समाधान के लिए, सबसे पहले पुलिस के पास ही जाता है। लेकिन पुलिस जब विवादों को सुलझाने के बजाय उलझाने लगे तो लोग कहां जाऐंगे। जी हां, दिल्ली, हरियाणा और गुजरात पुलिस को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इन राज्यों के 72 से 90 फीसदी कारोबारियों और कामकाजी पेशेवरों ने कहा है कि पुलिस विवादों को सुलझाने के बजाए और उलझा देती है।





### केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के मार्गदर्शन में हुआ यह सर्वे

यह सर्वे केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय के 'न्यायिक सुधारों पर कार्रवाई अनुसंधान और अध्ययन की योजना कार्यक्रम के तहत गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ और कानूनी अध्ययन विभाग के प्रधान अन्वेषक व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उपमा गौतम की अगुवाई में किया गया है। हाल ही में कानून मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक की गई रिपोर्ट में तीनों राज्यों में 'मामलों को सुलझाने या सुलझाने में पुलिस एजेंसियों की भूमिका के बारे में कामकाजी पेशेवरों और व्यवसाय मालिकों की धारणा को विस्तार से बताया गया है। तीनों राज्यों के कामकाजी पेशेवर और कारोबारियों की राय कम ज्यादा है, लेकिन औसतन 72 से लेकर 90 फीसदी तक कामकाजी पेशेवर और कारोबारियों ने इस बात की पुष्टि की और माना कि सभी मामलों को पुलिस के पास ले जाने से मामले सुलझने के बजाय और बढ़ जाते हैं। हालांकि दिल्ली के बजाए, हरियाणा और गुजरात के कारोबारी पुलिस के कामकाज से अधिक असंतुष्ट दिखे। हरियाणा में जहां, 91 फीसदी कारोबारी ने माना कि पुलिस के पास मामले जाने से सुलझने के बजाए और बढ़ जाते है, वहीं गुजरात के 90 फीसदी कारोबारी इस बात से सहमत दिखे।

**दिल्ली**

इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में, 80 फीसदी कारोबारियों ने माना कि पुलिस के मामला ले जाने पर यह सुलझने के बजाए और बढ़ जाता है, जबकि 72 फीसदी कामकाजी पेशेवर लोगों ने दृढ़ता के साथ कहा कि सभी मामलों में पुलिस को शामिल करने से विवाद सुलझने के बजाए और बढ़ जाते हैं।

**हरियाणा**

सर्वे के मुताबिक हरियाणा में, 91 फीसदी कारोबारियों (व्यवसाय मालिकों) का मानना था कि पुलिस मामलों को और बढ़ा देती हैं। इसकी तुलना में राज्य के 85 फीसदी कामकाजी पेशेवरों ने माना कि पुलिस विवाद को और बढ़ा देती है।

**गुजरात**

सर्वे में कहा गया है कि गुजरात में 90 फीसदी कारोबारी (व्यवसाय मालिकों) ने इस बात की पुष्टि की कि सभी मामलों में पुलिस को शामिल किए जाने से अक्सर विवाद सुलझाने के बजाय और बढ़ जाता है। जबकि 78 फीसदी कामकाजी पेशेवरों ने इस बात से सहमति जताई।

### कारोबारी की जितनी कम आय, कोर्ट के बाहर मामले निपटाने की उतनी अधिक प्रवृति

कारोबारी की आय जितनी कम होती है, अदालत के बाहर मामले को निपटाने की प्रवृति उतनी ही अधिक देखी गई। कम आय वर्ग वाले कारोबारियों का एक बड़ा वर्ग लगभग 80 फीसदी अदालत के बाहर मामले को निपटाने के लाभों को देखने के लिए सहमत था। हालांकि अधिक आय वर्ग के कारोबारी ने अदालत के बाहर मामले सुलझाने के बारे में कम उत्साहित दिखे। महज 50 फीसदी अधिक आय वर्ग के कारोबारी ने अदालत के बाहर समझौते के लाभों को देखने के लिए सहमति व्यक्त की। गुजरात में, 90 फीसदी कामकाजी पेशेवरों और 83 फीसदी कारोबारियों का मानना था कि लोग अपनी समस्या के त्वरित समाधान की उम्मीद में पुलिस से संपर्क करते हैं। हरियाणा में 99 फीसदी कामकाजी पेशेवर और 96 फीसदी कारोबारियों का मानना था कि लोग त्वरित राहत की उम्मीद में पुलिस के पास जाते हैं। इसी तरह दिल्ली में, 92 फीसदी कामकाजी पेशेवर 88 फीसदी कारोबारियों ने माना कि लोग पुलिस को तत्काल और त्वरित राहत पाने के लिए प्रदान करने वाली पहली एजेंसी मानते हैं।